इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**छत्तीसगढ़ टाईल्स सेनेटरी एवं डोर हाउस**



हमारे यहां ब्लैक स्टोन, सिरेमिक टाईल्स, विटी फाईड टाईल्स, सिनेटरी वियर, CP वियर, CPVC पाईप, UPVC यूपीवीसी पाईप, माइका डोर, लेमिनेशन डोर, सागोन डोर, वालपेपर, ग्रेनाईट एवं सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल की सामग्री उपलब्ध है।

स्थान- नंदई रोड वार्ड नं.-40, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. नं.- 99077-57733, 99074-83037



# गेटवे ऑफ इंडिया के पास बेकाबू नेवी बोट ने यात्री नाव को मारी टक्कर; हादसे में 13 की मौत, 101 बचाए गए



मुंबई। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट नेवी के जहाज से टक्कर के बाद समुद्र में डूब गई। हादसे में नेवी के 4 कर्मियों और बोट पर सवार 9 सिविलियन लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, 80 लोगों की क्षमता वाली नीलकमल बोट में 20 बच्चों समेत करीब 110 यात्री सवार थे। इनमें से 101 का रेस्क्यू कर लिया गया है। हादसा उरण के पास बुधवार शाम करीब 3.55 बजे हुआ। मुंबई से एलिफेंटा गुफाओं की ओर जाते समय अरब सागर में बुचर द्वीप के पास नौसेना की गश्ती स्पीड बोट ने नाव को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से नाव में पानी भर गया और वह डूब गई।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 8.25 बजे विधानसभा में बताया कि रेस्क्यू किए गए लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार सभी मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए देगी। पुलिस और नेवी मिलकर हादसे की जांच करेगी।

### नौसेना की 11 बोट, 4 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू हुआ

जानकारी के मुताबिक, नौसेना, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, तटरक्षक बल, यलोगेट पुलिस स्टेशन 3 और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की 11 बोट, मरीन पुलिस की 3 बोट और कोस्ट गार्ड की 1 बोट लगी। 4 हेलीकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया वापस लाया गया। जहां से उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### नेवी ने कहा- कैप्टन स्पीडबोट पर नियंत्रण खो बैठा

नौसेना ने एक्स पोस्ट कर बताया कि नौसेना का जहाज इंजन ट्रायल पर था। कैप्टन उस पर से नियंत्रण खो बैठा और जहाज नीलकमल बोट से टकरा गया। चार नेवी हेलीकॉप्टर, 11 नेवी जहाज, एक कोस्ट गार्ड बोट और तीन समुद्री पुलिस बोट रेस्क्यू में जुटे। नेवी और सिविल जहाजों ने लोगों का रेस्क्यू करके अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे में 13 लोगों की जान गई है। नीलकमल बोट से टकराने वाली स्पीडबोट में नेवी के 6 कर्मी सवार थे, जिनमें से 4 की मौत हो गई है। इनमें एक नेवी कर्मी और दो ओईएम (ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) शामिल हैं। जबकि नौसेना कर्मी गंभीर रूप से घायल है।

# आंबेडकर के खिलाफ़ कभी नहीं बोलता, कांग्रेस ने मेरा बयान तोड़ा-मरोड़ा- अमित शाह



नई दिल्ली। राज्यसभा में डॉ. बीआर आंबेडकर पर अपनी टिप्पणी को लेकर अमित शाह अब सफाई देते फिर रहे हैं। उन्होंने सफाई में कहा कि वह एक ऐसी पार्टी से आते हैं जो कभी भी आंबेडकर की विरासत का अपमान नहीं करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया। विपक्ष के हमले के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को अपना बचाव करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस मुद्दे और विपक्ष के हमलों ने बीजेपी को किस कदर आघात पहुँचाया है यह इससे जाहिर होता है कि अमित शाह चार केंद्रीय मंत्रियों- जेपी नड्डा, किरन रिजिजू, पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुँचे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से अपनी पूरी टिप्पणी की रिपोर्ट करने की अपील की। अमित शाह की यह प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग के बाद हुई।

संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में दिए गए अपने बयान पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए अमित शाह ने कहा, 'मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। कांग्रेस फर्जी खबरें फैलाती है। मैं आंबेडकर जी के खिलाफ कभी नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने मेरी टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश किया। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि मेरी पूरी टिप्पणी सुनें, इससे सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। मैं ऐसी पार्टी और समाज से आता हूं जो सपने में भी डॉ. बीआर आंबेडकर का अपमान नहीं कर सकता। गृहमंत्री ने कहा, कल से कांग्रेस ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर रखने का प्रयास किया है, ये अत्यंत निंदनीय है और मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं।

### संसदः अमित शाह ने अंबेडकर पर ऐसा क्या बोला जो हंगामा मच गया

उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस आंबेडकर जी की विरोधी पार्टी है, कांग्रेस आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने सावरकर जी का भी अपमान किया, कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दीं, नारी सम्मान को भी वर्षों तक दरकिनार किया, न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया, सेना के शहीदों का अपमान किया और भारत की भूमि तक को संविधान तोड़कर दूसरे देशों को देने की हिमाकत कांग्रेस के शासन में हुई।

अमित शाह ने कहा, जहां तक भारत रत्न देने का सवाल है, कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद ही अपने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं : सुको



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि किसानों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 2024 धरने पर बैठे किसानों से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि अगर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इसके लिए वह जिम्मेदार होगी। पीठ ने कहा कि डॉक्टर की सलाह के अनुसार श्री दल्लेवाल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है।

अदालत के समक्ष पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि किसान अदालत द्वारा नियुक्त समिति से चर्चा करने के लिए अनिच्छुक हैं। इस पर पीठ ने कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। किसानों द्वारा सीधे या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कोई भी सुझाव या मांग पत्र रिकॉर्ड में लाया जा सकता है। सभी हितधारकों के साथ चर्चा के साथ इस पर उचित विचार किया जाएगा।

अदालत के समक्ष श्री सिंह ने यह भी कहा कि पिछले 20 दिनों से अनशन पर बैठे दल्लेवाल ने मेडिकल जांच से इनकार कर दिया है। उनकी हालत ठीक है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती करने का सुझाव दिया है। इस पर पीठ ने सिंह से कहा, मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आंदोलन करने के लिए उनका स्वस्थ होना जरूरी है। एक निर्वाचित सरकार और एक संवैधानिक अंग के रूप में आप उन्हें (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिल्ली में 60 साल से ऊपर के बुजुर्गो का होगा मुफ्त इलाज- केजरीवाल



**0 केजरीवाल ने किया 'संजीवनी योजना' का ऐलान**
**0 केजरीवाल ने बुजुर्गों के लिए एक बड़ा ऐलान किया**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करने का एलान किया है। इस योजना के तहत दिल्ली में 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों का निःशुल्क उपचार दिया जाएगा। केजरीवाल ने एलान किया कि उनके उपचार का पूरा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी।

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में बुजुर्गों के उपचार के लिए संजीवनी योजना लागू करने का वादा किया है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा की। केजरीवाल ने कहा, इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों का दिल्ली में निःशुल्क उपचार होगा। चुनाव के बाद सरकार बनने के बाद इसे लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा, श्रवण कुमार से प्रेरित होकर उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत दिल्ली के लगभग एक लाख बुजुर्ग देश के कोने-कोने में स्थित तीर्थ स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। तीर्थ यात्रा का पूरा खर्च सरकार उठाती है।

इसके बदले हम सभी को दुआ मिलती है, जिसका कोई मूल्य नहीं है। इस उम्र में सभी को अपने स्वास्थ्य की चिंता होती है। उम्र बढ़ने के साथ ही कई तरह की बीमारियों से व्यक्ति पीड़ित हो जाता है। उसके लिए उपचार कराना सबसे बड़ी चिंता होती है।

### चिंता की कोई बात नहीं

आर्थिक रूप से संपन्न कई परिवारों में भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वन नेशन-वन इलेक्शन पर बनी जेपीसी में प्रियंका गांधी, संबित पात्रा, सुप्रिया सुले, कल्याण बनर्जी भी शामिल

**लोकसभा के 21, राज्यसभा के 10 सांसदों का नाम**



**नई दिल्ली। वन नेशन-वन इलेक्शन बिल के लिए जेपीसी का गठन हो गया है। इसमें अनुराग ठाकुर और प्रियंका गांधी समेत कई सांसद शामिल होंगे। कमेटी में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्यों के नाम हैं।**

जेपीसी में लोकसभा के 21 सदस्य हैं। इसमें पी.पी. चौधरी, सी.एम. रमेश, बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तमभाई रुपाला, अनुराग ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भतृहरि महताब, संबित पात्रा, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, कल्याण बनर्जी, टी.एम. सेल्वागणपति, जी.एम. हरीश बालयोगी, सुप्रिया सुले, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, चंदन चौहान और बालशौरी वल्लभानेनी के नाम शामिल हैं। सरकार ने लोकसभा में बिल पेश करने के बाद वोटिंग कराई थी और फिर इसे जेपीसी के पास भेज दिया था।

# बाबा साहेब पर टिप्पणी को लेकर खड़गे बोले- पीएम मोदी और शाह गहरे दोस्त, एक-दूसरे के पाप छिपा रहे





नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी और अमित शाह पर तीखा हमला किया। बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खड़गे ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर पूरे देश के लिए पूज्यनीय हैं, लेकिन बीजेपी संविधान का सम्मान नहीं करती और मनुस्मृति की विचारधारा को बढ़ावा देती है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का बयान

राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान खड़गे ने अमित शाह के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और प्रधानमंत्री से मांग की है कि वे अमित शाह को केंद्रीय कैबिनेट से बर्खास्त करें। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने अमित शाह का बचाव करने के लिए 6 ट्वीट किए। इसकी क्या जरूरत थी? अगर कोई आंबेडकर के बारे में गलत बयान देता है, तो उसे कैबिनेट से हटा देना चाहिए। लेकिन वे ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि पीएम मोदी और अमित शाह गहरे दोस्त हैं और एक-दूसरे के पापों पर पर्दा डालते हैं।

### 'भाजपा संविधान नहीं, मनुस्मृति को मानती है'

मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग संविधान को नहीं मानते और मनुस्मृति को महत्व देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

### अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग

कांग्रेस अध्यक्ष ने सीधे तौर पर कहा- ÷हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री मोदी गृह मंत्री अमित शाह को तुरंत कैबिनेट से बर्खास्त करें। बाबा साहब आंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।÷

मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान से संसद के अंदर और बाहर सियासी गर्मी बढ़ गई है। यह मुद्दा आगामी चुनावों के मद्देनजर दलित समुदाय और सामाजिक न्याय के मुद्दों को फिर से चर्चा के केंद्र में ला सकता है।

# आंबेडकर मुद्दे पर पीएम मोदी का पलटवार, सड़ा इकोसिस्टम, झूठ..



**कांग्रेस ने किया आंबेडकर का अपमान**

नई दिल्ली। एक दिन पहले राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान के एक हिस्से पर बवाल मचा हुआ है। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने शाह पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तो गृहमंत्री का इस्तीफा मांग रहे हैं। मामले को तूल पकड़ता देख अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाला है। उन्होंने कांग्रेस पर पिछले कई वर्षों के अपने 'धतकर्मों' और खासकर डॉ. आंबेडकर के अपमान को छिपाने के लिए दुर्भावनापूर्ण झूठ बोलने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री ने आंबेडकर को लेकर किए गए कांग्रेस के कथित गुनाहों की लिस्ट भी गिनाई है।

### 0 कांग्रेस पर पीएम मोदी का बड़ा पलटवार

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, 'अगर कांग्रेस और उसका सड़ा हुआ इकोसिस्टम अगर ये सोचता है कि वे दुर्भावनापूर्ण झूठ फैलाकर वर्षों के अपने बुरे कर्मों खासकर डॉ. आंबेडकर के अपमान को छिपा लेंगे तो वे गंभीर गलती कर रहे हैं! भारत के लोगों ने बार-बार ये देखा है कि कैसे एक परिवार के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाई- पुतिन सरकार ने कहा 2025 से नागरिकों को मुफ्त लगाएंगे





**यह सदी की सबसे बड़ी खोज**

मॉस्को। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने बुधवार को रेडियो पर कैंसर वैक्सीन बनाने का ऐलान किया।

रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हमने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसकी जानकारी रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने रेडियो पर दी। रूसी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस वैक्सीन को अगले साल से रूस के नागरिकों को फ्री में लगाया जाएगा।

डायरेक्टर आंद्रेई ने बताया कि रूस ने कैंसर के खिलाफ अपनी एमआरएनए वैक्सीन विकसित कर ली है। रूस की इस खोज को सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि इससे ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद मिलती है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है।

### क्या होती है एमआरएनए वैक्सीन

एमआरएनए या मैसेंजर-आरएनए इंसानों के जेनेटिक कोड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमारी सेल्स (कोशिकाओं) में प्रोटीन बनाती है। इसे आसान भाषा में ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो एमआरएनए टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है। इससे हमारे इम्यून सिस्टम को जो जरूरी प्रोटीन चाहिए, वो मिल जाता है और हमारे शरीर में एंटीबॉडी बन जाती है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे कन्वेंशनल वैक्सीन के मुकाबले ज्यादा जल्दी वैक्सीन बन सकती है। इसके साथ ही इससे शरीर की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। एमआरएनए टेक्नोलॉजी पर आधारित यह कैंसर की पहली वैक्सीन है। इससे पहले इस तकनीक के आधार पर कोविड-19 की वैक्सीन बनाई गई हैं।

### कैंसर होने से पहले नहीं बल्कि बाद में दी जाती है वैक्सीन

कैंसर स्पेशलिस्ट एमडी मौरी मार्कमैन का कहना है कि कैंसर की वैक्सीन बनाना बायोलॉजिकल तौर पर असंभव है। कैंसर के लिए कोई टीका नहीं हो सकता क्योंकि कैंसर कोई बीमारी नहीं है। यह शरीर में हजारों अलग-अलग स्थितियों का परिणाम है। फिर भी वैक्सीन कुछ कैंसरों की रोकथाम में जरूरी रोल निभाती है। ये वैक्सीन कैंसर रोगियों को उपचार के दौरान सुरक्षा देने में जरूरी टूल हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायपुर में चावल कारोबारी रफीक मेमन और गरियाबंद में इकबाल मेमन पर ईडी की कार्रवाई

रायपुर/गरियाबंद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम छत्तीसगढ़ में आज सुबह दो अलग-अलग कारोबारियों के घर छापा मारा। रायपुर के मौदहापारा इलाके में चावल कारोबारी रफीक मेमन के घर छापा मारा। इस पर डीएमएफ घोटाले से जुड़े होने के मामले में यह कार्रवाई चल रही है। वहीं गरियाबंद के मैनपुर में इकबाल मेमन के घर छापा मारा गया है।

इकबाल मेमन के घर सुबह 6 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में टीम ने 10 से अधिक वाहनों के साथ मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। इकबाल मेमन पर शराब सिंडिकेट के काले धन को निवेश करने का आरोप है। वह रायपुर के विवादित कारोबारी अनवर ढेबर का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है। इस कनेक्शन की जांच के लिए ईडी विशेष रूप से सक्रिय है।

### दो करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा

जानकारी के अनुसार, बीते दो वर्षों में इकबाल मेमन ने दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां खरीदी हैं। इस पर स्थानीय ग्रामीणों ने ईडी को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में जाड़ापदर के ग्रामीणों ने मेमन पर शराब सिंडिकेट के अवैध धन से निवेश करने का आरोप लगाया था।

### शिकायत के बाद बड़ी कार्रवाई

जाड़ापदर के ग्रामीणों द्वारा किए गए लिखित शिकायत के बाद ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की है। सूत्रों का कहना है कि इस छापेमारी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

### शराब सिंडिकेट और प्रॉपर्टी खरीद का खेल

माना जा रहा है कि यह छापा बड़े शराब सिंडिकेट के काले धन को लेकर किए गए निवेश का खुलासा कर सकता है। ईडी इस बात की जांच कर रही है कि मेमन और ढेबर के बीच आर्थिक लेन-देन का कोई सीधा संबंध है या नहीं।

# रायपुर में कांग्रेस का हल्ला बोल - बीजेपी के खिलाफ खोला मोर्चा



**दीपक बैज के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता राजभवन पहुंचे**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने किया। रायपुर के घड़ी चौक से लेकर राजभवन तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

कांग्रेस का यह विरोध मुख्य रूप से दो मुद्दों पर था - गौतम अडानी की संदिग्ध गतिविधियों और मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता राजभवन के पास पहुंचे, जहां उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया।

हालांकि, इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश के बड़े नेता जैसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत अनुपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में हुआ, जिसमें कुछ प्रमुख नेता शामिल थे, जैसे धनेंद्र साहू, अमितेश शुक्ल, विकास उपाध्याय और कुलदीप जुनेजा। हालांकि, विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल नहीं हुए। जब दीपक बैज से इस पर सवाल किया गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह प्रदर्शन शॉर्ट नोटिस पर हुआ था, फिर भी बड़े नेता शामिल हुए और कार्यकर्ताओं की संख्या भी पर्याप्त रही। उन्होंने कहा, 'हमारा एक कार्यकर्ता हजार के बराबर है।'

# गुरू घासीदास बाबा की एक-एक वाणी, पंक्ति और शब्द सबके लिए लाभकारी - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहर सतनामी समाज के विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की**



**विधानसभा अध्यक्ष नंदई चौक में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती के कार्यक्रम में हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नंदई चौक में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहर सतनामी समाज नंदई चौक के विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा कर तत्काल स्वीकृति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को गुरू घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने शहर सतनामी समाज सेवा समिति राजनांदगांव की शोभायात्रा को सफेद झंडा दिखाई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गुरू घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा के उपदेश सभी समाज सहित पूरे देश के लिए एक समान है। उन्होंने कहा कि बाबा की एक-एक वाणी, पंक्ति और शब्द सबके लिए लाभकारी है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पंथी के माध्यम से बाबा के उपदेश को बताया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी मानव एक समान हैं। सभी के खून का रंग लाल है। सभी एक-दूसरे के साथ समानता का व्यवहार करें। उन्होंने सभी को मांस-मदिरा का सेवन नहीं करने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, सत्य, अहिंसा एवं सच्चाई के पथ पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। गुरू घासीदास बाबा के बताए रास्ते पर चलकर समाज में जागृति आई है। हम सभी पर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गुरू घासीदास बाबा ने जो राह बताई, उस पर हम सभी को चलने की जरूरत है।

पूर्व विधायक श्री रामजी भारती ने सभी को गुरू घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज बाबा के संदेश मनखे-मनखे एक समान हैं के उपदेश को लेकर समाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा का आशीर्वाद पूरे समाज सहित सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की चिंता करते हुए एक रूपए में चावल की शुरूआत तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शुरू की थी। उन्होंने कहा कि समाज की शिक्षा एवं आर्थिक क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज सतनामी समाज अग्रणी समाज के रूप में आगे आ रहा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद विजय राय ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, रमेश पटेल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किशुन यदु, कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, अध्यक्ष शहर सतनामी समाज सेवा समिति राजनांदगांव नरेन्द्र राय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी तथा सतनामी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर विहिप, बजरंग दल ने मनाया जयंती



राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा शहर के जी.ई. रोड स्थित सतनाम भवन में बने बाबा गुरु घासीदास के मन्दिर में स्थित चरण पादुका पर माल्यार्पण कर बाबा जी की आरती उतारी गयी और पुष्प अर्पित कर गुरुजी की जय जयकार किया गया, इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के विभाग मंत्री अरुण कुमार गुप्ता ने कहा की समाज को सही दिशा देने वाले और सत्य, अहिंसा, दया, करुणा और सामाजिक समरसता के संदेश वाहक, संपूर्ण मानव समाज के पथ प्रदर्शक और सभी मनुष्य को एक समान मानने वाले बाबा गुरु घासीदास की जयंती हमे बहुत बडा संदेश देती है, बाबा जी ने सामाजिक समरसता का बहुत बडा संदेश दिया है मानव-मानव मे कोई भेद नही सारे,मनुष्य एक ही ईश्वर कि संतान है, उन्होने कहा की सत्य ही ईश्वर है,और ईश्वर ही सत्य है का बाबाजी ने ज्ञान देकर समाज का उत्थान किया गुरु घासीदास बाबा का ज्ञान सारे समाज के लिए अनुकरणीय है।

इस मौके पर सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष युवराज ढीरहेर, महामंत्री कमल लहरे, कोषाध्यक्ष संजू बंजारे, संरक्षण अमित देशलहरे एवं युवा प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष गुलाब चांदेले व अन्य समाज प्रमुख भी उपस्थित रहे। वही विश्वहिंदू परिषद के विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, सम्पर्क प्रमुख लालमुनाई सिंह, नगर अध्यक्ष योगेश बागड़ी, बजरंगदल जिला संयोजक सुनील सेन, नगर मंत्री बाबाजी, नगर उपाध्यक्ष अंकित खंडेलवाल, अखिलेश गुप्ता, नगर सयोजक प्रिंस प्रशांत हाथीबेड, अखाड़ा प्रमुख भावेश निर्मलकर, मातृशक्ति संयोजिका अंजली वाडेकर, बुलबुल श्रीवास, चित्रा महिलांगे, तनुजा (मीतू) महिलांगे, अमन शर्मा की उपस्थिति रही। यह जानकारी सुनील सेन ने दी।

## पहला कॉलम...

### बिना संकेतक के खड़े वाहन के पीछे जा घुसा ट्रक, चालक की मौत

राजनांदगांव (दावा)। जिले में नेशनल हाइवे पर घोरतलाव के पास बिना किसी संकेतक के सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे तेज रफ्तार ट्रक के टकराने की घटना सामने आई है। घटना में ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

हादसे में बुरी तरह से गंभीर ट्रक चालक की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 9605 कोयला भरकर रायपुर जा रहा था। इस दौरान घोरतलाव के पास ट्रक क्रमांक आरजे 51 जीए 0106 का चालक लापरवाही पूर्व अपने ट्रक को बिना किसी संकेतक लाइट के सड़क किनारे खड़े कर रखा था। कोयला भरकर आ रहा ट्रक पीछे घुस गया। घटना में ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया व चालक विशाल पंधरे निवासी लाखनी महाराष्ट्र गंभीर रूप घायल था। 112 से अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने चालक विशाल पंधरे को मृत घोषित कर दिया।

### नि:शुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी शिविर मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में 22 को

डोंगरगढ़ (दावा)। मॉ बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति एवं भारत स्काउट गाइड फैलोशिप द्वारा एक दिवसीय निन्शुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी शिविर में वात, पित, कफ नाड़ी के द्वारा निदान कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी, किचन थैरेपी, हर्बल, एक्युप्रेशर से उपचार किया जाएगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि, शुद्धिकरण के लिए संतुलित अहार-विहार अत्यंत आवश्यक है।

मां बमलेश्वरी की पावन धरा पर वात पित्त कफ नाडी के शुद्धिकरण व संतुलित आहार विहार हेतु धमधा धाम (छत्तीसगढ़ के एकमात्र भगवान धन्वंतरि मंदिर के संचालक) डॉ. दिनेश साहू के सानिध्य में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 22 दिसंबर रविवार को नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित है।प्रातः 6 से 9 बजे तक ही नाडी देखने का कार्य होगा।प्रातः जब आप पहुंचें तो खाली पेट बिना चाय पानी नाश्ता के आना है। प्रातः शौच इत्यादि क्रिया पूर्ण करके आना है। प्रातः 9 बजे के बाद उपचार संभव नहीं है। सभी प्रकार की बीमारियों हेतु उपचार होगा। उपचार के लिए अग्रिम पंजीयन आवश्यक है।

### ट्रक को ओवरटेक करते समय दो बाइक आपस में टकराए, एक की मौत, 3 घायल

बतौली। बतौली में सड़क दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को नेशनल हाइवे में दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों युवक अपनी बाइक में सवार होकर सेदम बाजार से अपने घर सुवारपारा जा रहे थी।

### भुनेश्वर साहू का निधन



डोंगरगांव (दावा)। समीप ग्राम खुर्सीटिकुल निवासी भुनेश्वर साहू 75 वर्ष का निधन 18 दिसंबर बुधवार को हो गया है उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। श्री साहू का अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया है।

# 2 करोड़ 2 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी हरिशंकर गिरफ्तार : जमीन रजिस्ट्री कराने के नाम पर वर्षो घुमाता रहा



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाने में आवेदक इन्द्र कुमार अदानी के शिकायत पर अनावेदकगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना में पाया गया कि फगुवाराम गणेशराम ने पक्का इकरारनामा को शून्य कराये बिना पटवारी हल्का नं. 27(1) खसरा नं 152/1 रकबा 1 डिसमील, (2) खसरा नं. 154/1 रकबा 10 डिसमील, (3) खसरा नं. 154/2 रकबा 9 डिसमील, (4) खसरा नं. 145/2 रकबा 1.50 एकड़, (5) खसरा नं. 145/3 रकबा 45 डिसमील कुल रकबा 2.11 एकड जमीन को तृतीय पक्ष को आवेदक के जानकारी एवं ज्ञान के बिना तथ्यों को बेईमानी से छुपाते हुये श्रीमती लता गोलछा उम्र 47 साल धर्मपत्नि मनोज गोलछा जाति जैन मकान नं. 443 वार्ड नं. 31 महावीर वार्ड सदर बाजार राजनांदगांव को दिनांक 16.01.2023 को बिक्री कर दिया। इसी प्रकार परसराम, हरिशंकर, दादूराम सोनकर छल करने के लिए पटवारी हल्का नं. 27, खसरा नं. 145/4 रकबा 1.50 एकड़ भूमि को छत्तीसगढ़ सोनकर समाज नंदई राजनांदगांव को दान में देने के लिए आम सूचना पेपर में प्रकाशित करवाया, जिस पर आवेदन ने आपत्ति दर्ज करवाया है। इस प्रकार शिकायत जांच पर अनावेदकगण, हरिशंकर सोनकर, फगुवाराम सोनकर गणेशराम सोनकर, दादूराम सोनकर, परसराम सोनकर ने एक राय होकर छल करने की नियत से योजनाबद्ध तरीके से आवेदक इन्द्र कुमार अदानी से दो करोड़ दो लाख रूपया कपटपूर्वक बेईमानी से आरोपीगण एक परिवार के सदस्य होकर अपराधिक षडयंत्र रचकर एग्रीमेंट कराये और एग्रीमेंटशुदा जमीन को रजिस्ट्री न कर उक्त जमीन को श्रीमती लता गोलछा को बिक्री कर दिये तथा शेष जमीन को दान मे देने के लिए ईश्तहार प्रकाशन किये। अपराध से बचने के लिए जब इन्हें ज्ञात हुआ की क्रेता आवेदक इन्द्र कुमार अस्पताल में है तो रजिस्ट्री पत्र के माध्यम से सूचना दिये ताकि उक्त कृत्य से बच सके आरोपीगण एक ही परिवार के सदस्य होकर एक राय होकर अपराधिक षडयंत्र रचकर अपराध घटित कराना पाये जाने से धारा 120 बी भादवि जोड़ी गई है।

थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन द्वारा आरोपीगण की पता तलाश हेतु टीम गठित कर आरोपी हरिशंकर सोनकर ऊर्फ झारराय पिता परसराम सोनकर उम्र 60 वर्ष निवासी बसंतपुर महामाया चौक बसंतपुर को पुलिस हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया। जिसने अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, बी-9 पेट्रोलिंग आरक्षक प्रवीण मेश्राम की भूमिका सराहनीय रही।

# बीमार पत्नी को बैलगाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा बुजुर्ग पति





खैरागढ़. (दावा)। बाजार अतरिया के रगरा गांव का निवासी हीरादास कोठले अपनी बीमार पत्नी को बैलगाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। दरअसल बुजुर्ग की पत्नी की तबीयत अचानक बिगड़ गई, हाथ-पैर में अकड़न की वजह से बीमार पत्नी साइकिल या मोटरसाइकिल पर बैठने में असमर्थ थी, पूरे मामले में जागरुकता की कमी देखने को मिली हैं. हीरादास ने बिना एंबुलेस को कॉल किए ही बैलगाड़ी से अपनी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया और उसी बैलगाड़ी से वापस लौट गया, फिलहाल, हीरादास की पत्नी की हालत अब बेहतर है और वह घर लौट चुकी हैं।

वहीं मामले पर खैरागढ़ बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन का कहना है कि 'अगर हीरादास ने 108 एंबुलेंस सेवा के लिए संपर्क किया होता तो उन्हें एंबुलेंस की सुविधा मिल जाती, इस मामले में जांच करेंगे कि एंबुलेंस सेवा लेने के लिए बुजुर्ग ने फोन किया था या नहीं।'

बता दें कि बाजार अतरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 6 उप-स्वास्थ्य केंद्र आते हैं. जिनमें मड़ौदा, चंदैनी, बाजार अतरिया, मंडला, डोकराभाटा और जोरातराई शामिल हैं। इसके अलावा 43 गांव भी इसी केंद्र से जुड़े हैं, जहां से सैकड़ों मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए पहुंचते हैं।

# स्वास्थ्य रहना है तो सायकल चलाना जरूरी - अपर कलेक्टर मार्कण्डेय



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव द्वारा 17 दिसम्बर मंगलवार फिट इंडिया साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सायकल रैली गुरुनानक स्कूल से गौरव पथ होते हुए वापस गुरुनानक स्कूल में समाप्त की गई। मुख्य अतिथि सी.एल.मार्कण्डेय अपर कलेक्टर ने उक्त रैली को हरी झंड़ी देखा कर रवाना किया। सी एल मार्कण्डेय अपर कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य रहना है तो नियमित योग के साथ सायकल चलाना जरूरी है एक प्रयास केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सायकल रैली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है इसके लिए जिला प्रशासन से भरपूर सहयोग दिया जाएगा। स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण में सायकल चलाना महत्वपूर्ण योगदान है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे एवं अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शबनम अंसारी ने खिलाड़ियों को साइकिल रैली के माध्यम से खेल के साथ अन्य गतिविधियां कर अपने आप को फिट रहने का जानकारी दी। लुमेंद्र साहू अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी ने प्रतिदिन एक घंटा अभ्यास करने के लिए शपथ दिलाई। अमित कुमार हॉकी कोच ने खेल के गुण व शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन व उक्त मंगलवार सायकल रैली पूरे भारत में किया जा रहा है की जानकारी दी। मंच उद्बोधन में प्रदीप शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र में भारत सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी के साथ फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी दी। यह अभियान समग्र रूप में स्वास्थ्य पहलू खेल पहलू और देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के समापन में गुरुनानक स्कूल के प्राचार्य योगेश द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में सुश्री दिव्या धारावत सहायक बास्केटबाल कोच, प्रियंका ई-सहायक बास्केटबाल कोच तथा सुखदेव राउत डीईओ, मुन्ना जयसवाल मेल वार्डन अर्चना देवी चौधरी लेडी वार्डन, वीरेंद्र सिन्हा, कुमारु, लेखराम, जय हिन्द व अर्चना खोब्रागढ़े के साथ ही गुरुनानक स्कूल के स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

# सरपंच योगेश्वर निर्मलकर ने जैतखाम में झंडा चढ़ाया

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बैगाटोला में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। गुरु घासीदास बाबा जयंती के अवसर पर जैतखाम पर ग्राम पंचायत बैगाटोला के सरपंच योगेश्वर निर्मलकर ने झंडा चढ़ाया और सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री निर्मलकर ने कहा है कि बाबा गुरु घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं के प्रवेश हेतु संशोधित सूचना जारी

मोहला (दावा)। सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु संशोधित सूचना जारी की गई है। संशोधित तिथियां ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि 11 नवंबर 24 से 31 दिसंबर 24, रात्रि 11:59 बजे तक त्रुटि सुधार की अवधि 1 जनवरी से 8 जनवरी 2025 है, इसी प्रकार प्रवेश परीक्षा की तिथि 16 फरवरी 2025, दिन रविवार को आयोजित होगा। विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र संबंधित विकासखंड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर में संपर्क कर निर्धारित समयावधि में निःशुल्क भरे जा सकते हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202412095300012 अ/74-वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोज कुमार वर्मा पिता दुर्गाराम जाति लोधी निवासी ग्राम सलोनी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री गंगोत्री पिता भोज कुमार वर्मा का दिनांक 03.04.2006 को ग्राम सलोनी में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री गंगोत्री पिता भोज कुमार वर्मा का दिनांक 03.04.2006 को ग्राम पंचायत सलोनी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।
अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/12/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया।
**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202412095300013 अ/74-वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोज कुमार वर्मा पिता दुर्गाराम जाति लोधी निवासी ग्राम सलोनी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र अनुराग वर्मा पिता भोज कुमार वर्मा का दिनांक 08.07.2008 को ग्राम सलोनी में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र अनुराग वर्मा पिता भोज कुमार वर्मा का दिनांक 08.07.2008 को ग्राम पंचायत सलोनी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।
अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/12/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया
**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
क्रमांक/1720/लो.नि.शा./न.पं./2024-25 डोंगरगांव, दिनांक 16/12/200
**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क / भवन, विद्युत वर्तमान में प्रचलित एसओआर पर कम/सामान/अधिक दर पर विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत 73 कार्य, लागत राशि 8.99 लाख रुपये हेतु दिनोंक 07/01/2025 को कार्यालयीन अवधि समय 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दो लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा प्रपत्र ''ए'' में आमंत्रित की जाती है। एक लिफाफे में टेंडर दर। दूसरे में स्व प्रमाणित समस्त दस्तावेज एवं अमानत राशि का एफ.डी.आर. तथा तीसरे लिफाफे में इन दोनों लिफाफों को भरकर इसके उपर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का पूर्ण नाम/पता लिख कर जमा करना होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 26/12/2024 को शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 27/12/2024 को शाम 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 07/01/2025 को दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | - | 07/01/2025 को शाम 04:00 बजे तक |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। निविदा से संबंधित संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट एवं सूचना पटल में अपलोड की जावेगी, जिसका पृथक से दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।
0 ''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''।
0 ''जल ही जीवन है''।
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

# जिला कोसरिया यादव महासभा की बैठक 22 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव ने बताया कि कोसरिया यादव महासभा ने आवश्यक बैठक यादव भवन डोंगरगांव में 22 दिसंबर दिन रविवार को दोपहर 12 आयोजित की गई है इस बैठक में जिला के सभी सम्माननीय कार्यकर्ता गण तहसील, सर्किल और नगर के पुरूष महिला और युवा पदाधिकारीगण सरंक्षकगण गौंटियागण सक्रिय सदस्यगण दायित्व वान कार्यकर्तागण स्वजातीय बंधुओं प्रमुख रूप से उपस्थित प्रदान करने और यादव समाज की एकता को प्रदर्शित करने की अपील की गई है। उक्त जानकारी दुर्गा प्रसाद यादव ने दी।

# एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ऐतिहासिक कदम - शिव वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा एक क्रांतिकारी पहल है।

इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष, शिव वर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल प्रशासनिक खर्चों को कम करेगी, बल्कि शासन की गुणवत्ता और जनता की सहभागिता को भी बढ़ावा देगी। श्री वर्मा ने कहा 'बार-बार चुनाव कराने से सरकारी तंत्र पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और विकास कार्य बाधित होते हैं। 'एक देश, एक चुनाव' से प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी और संसाधनों का सही उपयोग संभव हो पाएगा। यह देश के हर नागरिक को एकजुटता और समानता का संदेश देगा'।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रणाली देश के संघीय ढांचे के अनुरूप है और इससे केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इसके अलावा, इससे वोटिंग प्रतिशत में भी वृद्धि होगी, क्योंकि जनता को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का पर्याप्त समय मिलेगा। श्री वर्मा ने जनता और विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'यह समय की मांग है कि हम देशहित को सर्वोपरि रखते हुए इस ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन करें। यह कदम भारत को लोकतंत्र की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

**कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
क्रमांक 1722/ रा.ना.मा./न.प/2024-25 **नामान्तरण प्रकाशन सूचना** डोंगरगांव दिनांक 19/12/2024
**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
कर निर्धारण के स्वामित्य खाते (कर मांग पजी) में हक हस्तातरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्र. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन /डिमांड क्रमांक | रकबा/खसरा क्रमांक | भूमि/ भवन | वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्ता का नाम) विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम) / क्रेत | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 1 | लक्ष्मी बाई वार्ड क्रं. -01 | 1/134 | 60/21, रकबा 0. 0160 हे. | भवन | स्व.छबिलाल साहू पिता- स्व.गणेश राम साहू, वार्ड क्रमांक-01 मेन रोड, डोंगरगांव | श्री सुदामा लाल साहू, दुश्यंत साहू, मधु साहू दुलौरिन बाई साहू, पिता-स्व. छबिलाल साहू बार्ड क्रमांक-01 मेन रोड डोंगरगांव | सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते हैं तो ईश्तहार प्रकाशन दिगाक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते हैं। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। **मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत डोंगरगांव**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-3-5
679-2 667-9
राजधानी
3-7-0
990-8 469-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec To 12th Dec 2024



Pushpa The Rule 2 -
09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# सोसायटियों में धान खरीदी नहीं होगी बंद, टीओ, डीओ जारी होने के बाद धान के उठाव में तेजी

राजनांदगांव (दावा)। मिलरों के साथ सरकार की बातचीत होने के व उनकी मांगे मान लिए जाने उपरांत अब सोसायटियों में जाम धान का उठाव होना शुरू हो गया है। इधर खाद्य विभाग व मार्कफेड द्वारा मिलरों व ट्रांसपोर्टरों को टीओ, डीओ जारी किए जाने से केंद्रों में जाम धान का उठाव में गति आ गई है। इससे समिति प्रबंधकों द्वारा की गई आज 19 दिसंबर से खरीद बंद की चेतावनी को वापिस ले लिया है।

### बफर लिमिट से ज्यादा खरीदी

बता दें कि 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के चलते अब तक इतनी धान खरीदी हो गई कि बफर लिमिट से पार जा चुका है। आलम यह कि किसानों से धान खरीदने पर उसे रखने के लिए जगह नहीं है। इसे देखते हुए समिति प्रबंधकों ने 19 दिसंबर से धान खरीदी से हाथ खड़े कर दिए थे। इसकी सूचना जिला प्रशासन को दे दी गई थी। अब जब उपार्जन केंद्रो से धान उठाव के कार्य में गति आ गई है और ज्यादा जाम वाले केंद्रो से जाम धान उठाव किए गए हैं। तब इस स्थिति में समिति प्रबंधकों को धान खरीदी किए जाने में कोई परेशानी नहीं रह गई है।

○ गुरु घासीदास जयंती की छुट्टी के दिन भी हुआ धान का उठाव
○ समिति प्रबंधकों ने वापस लिया खरीदी बंद की चेतावनी



अतः उन लोगों ने आज 19 दिसंबर से जिले के 96 उपार्जन केन्द्रों से पुनः धान की खरीदी चालू कर दी है।

बताते चलें कि किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू होने के बाद से समितियों में सर्वाधिक रुप से मोटा धान से लेकर पतला और सरना धान की आवक हो रही है। अब तक जिले की सोसायटियों में 69 हजार 013 किसानों से 3407513.60 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जिसमें से परिवहन 355119.60 क्विंटल का हुआ है। मिलर्स धान का उठाव करने में आनाकानी कर रहे थे जिस पर छापामार कार्रवाई की गई व सरकार के साथ बातचीत किए जाने उपरांत उनके द्वारा धान का उठाव होने लगा है। इससे धान के उठाव में तेजी आई है लेकिन जिले की अधिकांश सोसायटियों में बफर लिमिट से अधिक धान होने के कारण किसानों को अभी भी धान बेचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### इन सोसायटियों में धान जाम

समिति प्रबंधन सूत्रों की मानें तो सुरगी, रतनभाट, मेढ़ा सोसायटी से लेकर पटेवा, गठुला, उपरवाह, तिलईरवार, रुआंतला, बघेरा, मुरमुंदा, ढारा, घुमका, बागरेकसा आदि सहित तुमड़ीबोड़, बेलगांव, भैसातरा, रेंगाकठेरा, कोकपुर, उपरवाही के अलावा अन्य सोसायटियों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम है, जिसके कारण किसानों को अपना धान बेचने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। आलम यह है कि टोकन के बाद किसान धान नहीं बेच पा रहे।

### धान के उठाव में आई तेजी

जिला सहकारी प्रबंधक समिति एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष किशुन लाल देवांगन ने बताया कि संयुक्त संयोजक ईश्वर श्रीवास, जितेंद्र चंद्राकर आदि के साथ प्रशासन व खाद्य अधिकारी से चर्चा के बाद केंद्रों में जाम धान उठाव के लिए रोजाना लगभग एक लाख क्विंटल के टीओ, डीओ काटे जा रहे हैं। इसमें 40 हजार के लगभग डीओ है, वहीं 50 हजार के करीब टीओ काटी जा रही है। इससे छुट्टी के दिन भी सोसायटियों से धान का उठाव हो रहा है।

इधर खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी द्वारा कहा जा रहा है कि मिलर्स द्वारा धान का उठाव किए जाने से सोसायटियों से धान के उठाव में तेजी आई है। अब तक समितियों से 3 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव हो चुका है। इससे अब किसानों से धान खरीदी में कोई परेशानी नहीं आएगी।

# साइबर क्राइम से 429 करोड़ रुपये ठगने का मामला... दो आरोपी गिरफ्तार, फर्जी कंपनी से विदेश भेजते थे रुपये




रायपुर। साइबर ठगी का पैसा चाइना व थाईलैंड भेजने वाले दो ठगों को पुलिस ने रायपुर और दिल्ली के अलग-अलग ठिकानों में छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया है। साइबर रेंज पुलिस ने उत्तम नगर दिल्ली निवासी संदीप रात्रा (41) और हीरापुर रायपुर निवासी राजवीर सिंह (22) साल को गिरफ्तार किया है। इससे पहले दो आरोपियों को पकड़ा था। इन्होंने आधार कार्ड में पता बदलकर अलग-अलग फर्म खोली थी। उसी के आधार पर बैंक में खाते खुलवाए। आरोपियों के बैंक खातों के की जानकारी के बाद ठगी की रकम बढ़कर 429 करोड़ हो गई है। आरोपियों से मामले से जुड़े दस्तावेज के अलावा और भी दूसरी फर्जी कंपनी के दस्तावेज, फारेक्स ट्रेडिंग बैंक खाता, मोबाइल जब्त किए हैं।

आरोपियों ने रुपये को डॉलर में बदलकर कर थाईलैंड और चाइना भेजे थे। पुलिस ने बताया कि टाटीबंध निवासी डॉ पीके गुप्ता से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 10 लाख की ठगी की गई। उनके खाते से पैसा दिल्ली, यूपी और राजस्थान में गया। वहां से पैसा रायपुर की अलग-अलग कंपनियों में वापस आया।

### लालपुर में बनाई फर्जी कंपनी

प्रोगेसिव प्वाइंट लालपुर रायपुर में रेड कार्रवाई की गई। आरोपियों ने आधार कार्ड में पता बदलवाकर अन्य फर्जी कंपनी क्रोमा शिपिंग एंड लाजिस्टिक्स बनाई थी। कंपनी के नाम से इंडियन ओवरसीज बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक में फारेक्स ट्रेडिंग से रकम विदेश भेजने के लिए बैंक खाता खुलवाए थे। आरोपी इन बैंक खातों का इस्तेमाल भविष्य में साइबर क्राइम से मिली ठगी के रुपयों को विदेश भेजने के लिए करते। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### डिजिटल अरेस्ट व ट्रेडिंग का झांसा

मुख्य आरोपी दिल्ली निवासी राजीव सिंघानियां की तलाश जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपी 10वीं-12वीं तक पढ़े हैं। खुद को साफ्टवेयर इंजीनियर बताते थे। लालपुर के दो युवकों को ऑफिस बॉय के तौर पर रखा। जिस गैंग के लिए काम करते थे, उसका सरगना उन्हें 50-50 हजार रुपये वेतन देता था। कमीशन अलग से मिलता था। ऑफिस से विदेश में पैसा भेजने लगे।

### आरोपियों के खिलाफ 10 राज्यों में केस दर्ज

पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के ठिकानों से 41 से ज्यादा बैंक खातों की जानकारी मिली है। इनमें 30 उनकी फर्जी कंपनियों के नाम पर खाते हैं। उनके दफ्तर से डेबिट कार्ड, चेकबुक, कंप्यूटर, लैपटॉप, डॉलर परचेस इनवाइस, वन टाइम पासकोड डिवाइस, यूपीआई स्कैनर अलग-अलग एड्रेस के आधार कार्ड जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 10 राज्यों में केस दर्ज हैं।

# संत शिरोमणी राजिम माता जयंती समारोह में गृहमंत्री अमित शाह होंगे आमंत्रित



राजनांदगांव (दावा)। आगामी 7 जनवरी को राजिम में वृहद स्तर पर संत शिरोमणी राजिम माता जयंती महोत्सव मनाया जाना है। जिसकी तैयारियों को लेकर आज छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के रायपुर टीकरापारा स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर जिला साहू संघ के कर्तव्यनिष्ठ महामंत्री नीलमणी साहू बैठक को संबोधित करते हुए कई रचनात्मक सुझाव दिए, जिसे छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू एवं अन्य पदाधिकारियों करतल ध्वनि से सुझावों को सूचीबद्ध किए। रायपुर में आयोजित बैठक की जानकारी देते हुए भागवत साहू एवं महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय होने वाले भव्य राजिम महोत्सव में देश के गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के माध्यम से आमंत्रित करने पर सहमति बनी, साथ ही इस वृहद आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित अन्य मंत्री एवं विधायक शामिल होंगे।

○ राजिम माता महोत्सव तैयारी बैठक में शामिल हुए जिला साहू संघ के पदाधिकारी
○ सिविल जज के लिए चयनित निखिल साहू हुए सम्मानित

महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि इस दौरान जिले से सिविल जज के लिए चयनित निखिल साहू का प्रदेश पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। राजिम माता जयंती समारोह की तैयारी बैठक में जिले से महेश साहू, चंद्रशेखर साहू, जगमोहन साहू सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

# स्टेशन पारा में मां शीतला मंदिर निर्माण का हुआ लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा तालाब पार स्थित प्राचीन मां शीतला मंदिर का लोकार्पण आज मोहला मानपुर विधायक इंदर शाह मंडावी के द्वारा हुआ।

○ 16 लाख 81हजार की लागत से हुआ निर्माण
○ विधायक मंडावी जी ने आंवला वृक्ष लगाया

स्टेशन पारा, रामनगर, शंकरपुर के वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई जब लगभग 125 वर्ष प्राचीन मां शीतला मंदिर के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहला मानपुर विधायक इंदर शाह मंडावी ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह माता का मंदिर बहुत अच्छा प्रतीत हो रहा है, यह बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई इस हेतु मैं वार्ड पार्षद श्रीमती नाजमा बेगम आसिफ अली को बधाई देता हूं कि कम समय में इस महत्वपूर्ण कार्य को कर दिखाया। यह मंदिर आसपास के लोगों के धार्मिक आस्था का केंद्र हो, और माता का आशीर्वाद सब पर बना रहे यही कामना है।

महापौर हेमा देशमुख ने सभी वार्डवासियों को बधाई देते हुए मां शीतला के मंदिर के लोकार्पण पर मातृशक्ति महिलाओं को माता का दूसरा रूप बताया और शीतला मंदिर समिति तथा वार्ड पार्षद श्रीमती नाजमा बेगम आसिफ अली को इस कार्य के लिए बधाई दी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने मां शीतला के नवीन मंदिर लोकार्पण पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए शीतला माता मंदिर की वार्डवासियों को बधाई दी और वार्ड पार्षद श्रीमती नाजमा बेगम आसिफ अली को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में मुख्य रूप से जितेन्द्र मुदलियार, श्रीकिशन खण्डेलवाल, रूपेश दुबे, वार्ड पार्षद श्रीमती नाजमा बेगम, आसिफ अली, मधुकर बंजारे, सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे, वार्ड के वरिष्ठगण मैकूलाल यादव, सुशील ताम्रकार, मुरली रगड़े, मोहन, प्रीतराम साहू, शैलेन्द्र तिवारी, पंचराम निषाद, शिवलाल यादव, उपस्थित रहे। संचालन राधे यादव, आभार आशा सिन्हा ने किया।

# जिला जेल में बंदियों में हुआ 6 दिवसीय सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों आयोजन का समापन



राजनांदगांव (दावा)। जिला जेल राजनांदगाँव में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य हेतु उत्कर्ष का आयोजन 12 से 18 दिसंबर तक हुआ जिसका समापन समारोह कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एडीएम इंदिरा नवीन सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस इशु अग्रवाल, जिला सेनानी अरुण सिंह की जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ।

0 बंदी भाईयों के द्वारा पंथी नृत्य से अथितियों का स्वागत किया गया

उत्कर्ष का उद्देश्य बंदियों के मध्य विभिन्न खेल अवाम सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर उनके मन में सकारात्मक भाव पैदा करना है। जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने यह बताया कि इस तरह का यह पहला आयोजन इस जेल में हुआ है जिसके अंतर्गत क्रिकेट शतरंज क़बड्डी कुर्सी दौड़ भाषण प्रतियोगिता पंथी नृत्य कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे 100 से अधिक बंदियों ने भाग लिया। समापन समारोह की शुरुआत गुरु घासीदास की पूजा पाठ करके किया गया बंदियों के द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं एसपी के द्वारा बंदियों को आशीर्वचन दिया गया एवं जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर जेल शिक्षक चन्द्रवंशी जी एवं समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पेंशन अदालत का सफल आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में पेन्शन अदालत का आयोजन मंडल के सभा कक्ष में दिनांक 16 दिसम्बर (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से किया गया। इसी कड़ी में आयोजित पेंशन अदालत में रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक (टी). जी.वि.जगताप, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी. उदय कुमार भारती, मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती श्वेता एच.के.छोरिया, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक. पी. प्रेमप्रकाश तथा पेंशनभोगी संघ की ओर से अध्यक्ष डी.एन. मूर्ति, महासचिव बासुदेव पात्रा एवं शिकायतकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस पेंशन अदालत में कुल 14 मामलों के निपटान हेतु आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 07 मामलों का निपटान किया गया एवं शेष 07 मामलों का निपटान हेतु नियमानुसार एवं आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए शीघ्र ही निपटान किया जायेगा।

पेंशन अदालत का आयोजन अपर मंडल रेल प्रबंधक.टी. की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेन्शन भुगतान संम्बन्धी समस्याओं अन्य मामलों का निराकरण हेतु नियमानुसार समय-समय पर पेंशन अदलत का आयोजन कर लंबित मामलों एवं पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। पेन्शन अदालत में न्यायालय में विचाराधीन, विवादास्पद, उत्तराधिकारी मामला तथा अन्य नीतिगत मामलों, रेलवे बोर्ड में लंबित प्रकरण मामलों को शामिल नही किया जायेगा।

# गीता जीवन का सार : संघ कार्यालय केसर नगर में गीता जयंती मनाई गई




राजनांदगांव (दावा)। संस्कृत भारती के तत्वाधान में गीता जयंती का कार्यक्रम 14 दिसंबर को संघ कार्यालय केसर नगर में मनाया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं गीता प्रेमी पृथ्वीराज परयानी, मुख्य अतिथि सतीश ब्यौहरे (जिला मिशन समन्वयक शिक्षा विभाग), विशिष्ट अतिथि सुश्री आरती सिन्हा (समाज सेविका) एवं मुख्य वक्ता डॉ. शंकर मुनिराय, प्राध्यापक शा. दिग्विजय महाविद्यालय थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा द्वारा गीता के द्वादश अध्याय का वाचन करते हुए गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सुश्री आरती सिन्हा ने अपने उद्बोधन में बताया कि गीता जीवन का सार है। डॉ. शंकर मुनिराय ने गीता के जीवनोपयोगी बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्कृत भाषा बोलने से कैसे व्यक्तित्व का विकास होता है। अतः अधिक से अधिक लोग संस्कृत भारती द्वारा निःशुल्क संस्कृत भाषा सीखे, यह भी अनुरोध किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पृथ्वीराज परयानी ने अपने संस्कारों को बताते हुए गीता के महत्व एवं उसकी समृद्धता को विस्तार से समझाया तथा यह भी कहा कि गीता का नित्य पठन-पाठन करने से हमारा जीवन सार्थक होगा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नीलम श्रीवास्तव द्वारा संस्कृत में किया गया। इस अवसर पर प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिकों के साथ ही संस्कृत भारती के संतोष वर्मा, सतीश तिवारी, नरेन्द्र धमगेश्वर, अश्वन सार्वा, शेखर विनायक, श्रीमती लता देवांगन, श्रीमती संगीता गुप्ता, सुश्री खिलेश्वरी इत्यादि कार्यकर्ता सहभागी बने।

# साय सरकार के बड़े फैसलों का साल : किसानों, मितानिनों और शहरी पट्टाधारियों को दी बड़ी राहत, निकायों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सफल नेतृत्व में साय सरकार का एक साल पूरा हो गया। प्रदेश खुशहाली से भर गया है। साय सरकार ने युवा, महिलाओं और किसानों के लिए सराहनीय काम किया। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से खरीदने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### मंडी बोर्ड की आय का 10 प्रतिशत कृषक कल्याण निधि में जमा होगा

सरकार ने मंडी फीस के स्थान पर अब 'मंडी फीस या कृषक कल्याण शुल्क' शब्द जोड़ा जाना प्रस्तावित किया है। कृषक कल्याणकारी गतिविधियों के लिए मंडी बोर्ड अपनी सकल वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा करेगा। इस निधि का उपयोग नियमों में शामिल प्रयोजनों के लिए किया जा सकेगा।

### शहरी पट्टाधारियों को मिलेगा मालिकाना हक

छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश और परिपत्रों को निरस्त कर दिया है। इसमें राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन, वार्षिक भू-भाटक के निर्धारण और वसूली प्रक्रिया संबंधी 11 सितम्बर 2019 को जारी परिपत्र, नगरीय क्षेत्रों में प्रदत्त स्थायी पट्टों का भूमिस्वामी हक प्रदान किए जाने संबंधी 26 अक्टूबर 2019 को जारी परिपत्र, नजूल के स्थायी पट्टों की भूमि को भूमिस्वामी हक में परिवर्तित किए जाने के लिए 20 मई 2020 को जारी परिपत्र और नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी हक प्रदान करने के संबंध में जारी परिपत्र शामिल हैं।

### मितानिनों को ऑनलाइन होगा भुगतान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुसार पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए समिति गठित किया जाएगा। प्रदेश की मितानिनों को अब हर माह प्रोत्साहन राशि के लिए ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था



लागू की जाएगी। छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (आई आई एफ टी) के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### स्कूली बच्चों के प्रदर्शन पर सीधी नजर

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए राजधानी रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। स्कूलों के साथ-साथ उनमें पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे के प्रदर्शन पर भी अब सीधी नजर रखी जाएगी। सॉफ्टवेयर और मोबाइल एप्प का विकास और कॉल सेंटर के माध्यम से मॉनिटरिंग आई.आई.टी. भिलाई के सहयोग से किया जा रहा है।

कई जातियों को अजजा में शामिल करने की पहल

पबिया, पविया, पवीया जाति को अनुसूचित जनजातियों की सूची में पाव जाति के साथ शामिल करने की संवेदनशील पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इन जातियों का नृजातीय अध्ययन प्रतिवेदन अनुशंसा सहित भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजा है।

### प्रदेश के 13 बड़े शहरों में बनेगी नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी

राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के लिए वित्त विभाग से हरी झंडी। लाइब्रेरी को 'नॉलेज बेस्ड सोसायटी' यानी 'ज्ञान आधारित समाज' के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा। 85 करो? 42 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा।

निकायों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का बड़ा निर्णय

त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रथम प्रतिवेदन और अनुशंसा अनुसार आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय। इसके तहत स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण प्रदान किया जाएगा। ऐसे निकाय जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कुल मिलाकर 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा है। वहां अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण उस निकाय में शून्य होगा। यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण निकाय में 50 प्रतिशत से कम है तो उस निकाय में अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा तक अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण होगा परंतु यह आरक्षण उस निकाय की अन्य पिछड़ा वर्ग के आबादी से अधिक नहीं होगा। निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होते हैं जैसे जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष इत्यादि। इन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर उपरोक्त सिद्धांत का पालन करते हुए आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी।

## अनमोल दावा

> "जो बीत गया उस पर दुःख क्यों करना, जो है उस पर अहंकार क्यों करना, और जो आने वाला है उसका मोह क्यों करना।

## श्रीलंका ने चीन की बजाय भारत को चुना, सत्ता में आते ही राष्ट्रपति दिसानायके की बदली धारणा

करीब दो वर्ष पहले जब श्रीलंका घोर आर्थिक संकट से जूझ रहा था और वहां अराजकता जैसे हालात पैदा हुए, तब भी भारत ने उस स्थिति से उबरने में अपनी ओर से हर स्तर पर सहयोग किया था।

पड़ोसी के रूप में भारत और श्रीलंका के बीच केवल कूटनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आपसी सहयोग के स्तर पर भी संबंधों की एक मजबूत कड़ी रही है। मगर पिछले कुछ समय से बदलती भू-राजनीतिक तस्वीर में श्रीलंका में चीन के प्रभाव का विस्तार होता दिखा है। हाल ही में जब वहां के संसदीय चुनाव में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत मिली तो इस धारणा को और बल मिला कि अब शायद चीन को वहां अपने पांव और फैलाने का मौका मिलेगा।

मगर सत्ता में आने के बाद अब जिस तरह दिसानायके ने अपने विदेश दौरे के लिए सबसे पहले भारत को चुना, उससे कई संकेत उभरते हैं। यों भी कोई देश कूटनीतिक स्तर पर भले ही दुनिया भर में अपने संपर्कों का विस्तार करे, लेकिन बहुत कुछ इस पर भी निर्भर करता है कि अपने पड़ोसी देशों के साथ उसके संबंध कैसे हैं। इस लिहाज से श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के भारत दौरे की अपनी अहमियत है।

दरअसल, करीब दो वर्ष पहले जब श्रीलंका घोर आर्थिक संकट से जूझ रहा था और वहां अराजकता जैसे हालात पैदा हुए, तब भी भारत ने उस स्थिति से उबरने में अपनी ओर से हर स्तर पर सहयोग किया था। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने इस सहयोग को याद करते हुए एक तरह से भारत के प्रति आभार जताया और साफ शब्दों में यह आश्वासन दिया कि वे अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे। यह भारत के लिए एक राहत भरा संदेश है, क्योंकि सीमापार के इलाकों में स्थित ठिकानों से संचालित आतंकी गतिविधियों का दंश भारत ने लंबे समय से झेला है।

इसके अलावा, भारत और श्रीलंका ने अपनी साझेदारी को विस्तार देने के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए रक्षा सौदे को जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया और बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करके ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का भी फैसला लिया है। आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी के साथ ही साइबर सुरक्षा के लिए नए मोर्चे पर काम करने के साथ-साथ आतंकवाद, तस्करी और संगठित अपराधों के खिलाफ साझा लड़ाई के लिए भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा।

कहा जा सकता है कि एक विकट दौर से निकल कर श्रीलंका अब अपनी स्थिति में सुधार के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। इस क्रम में भारत के साथ संबंधों के नए अध्याय से भविष्य को लेकर बेहतर उम्मीदें पैदा होती हैं। गौरतलब है कि अनुरा कुमार दिसानायके जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी के सबसे अहम नेता रहे हैं और उन्होंने वामपंथी दलों के गठबंधन नेशनल पीपल्स पावर यानी एनपीपी के तहत चुनाव लड़ा था। एनपीपी का भारत विरोधी रुख छिपा नहीं रहा है। इसलिए यह आशंका स्वाभाविक थी कि दिसानायके के सत्ता में पांव मजबूत होने के बाद क्या श्रीलंका की नीति बदलेगी और उसके कदम चीन की ओर बढ़ेंगे! मगर यह भी तथ्य है कि विदेश नीति के मामले में श्रीलंका अब तक गुटनिरपेक्षता की राह पर चलता आया है। आमतौर पर किसी देश की सत्ता के बदलने के बावजूद विदेश नीति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आता है। साथ ही, श्रीलंका और भारत के बीच साझेदारी का एक लंबा सफर रहा है। इसलिए अगर दोनों देश एक दूसरे के सुरक्षा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रख कर आगे कदम बढ़ाते हैं तो यह द्विपक्षीय हित में एक जरूरी पहल होगी।

# राज्य अलंकृत व्यंग्यकार, प्रथम छत्तीसगढ़ी गज़लकार रामेश्वर वैष्णव : देशी मिजाज-देशी स्वाद

**विजय मिश्रा "अमित"**



"कुछ लोग थे जो वक्त के सांचे में ढल गए कुछ लोग थे जो वक्त के सांचे बदल गए"। वक्त के सांचे बदलने वालों को संघर्ष के पथ पर चलना होता है। चुनौतियों को अवसर में बदलना होता है। कदम कदम पर लोग टांग खींचते हैं। आलोचक कान भरते हैं और मन भर आलोचना करते हैं, किंतु वक्त के सांचे बदलने वाले भी कम नहीं होते। जिद्द को अपने चित्त में बिठाए ये लोग ना तो रुकते हैं, ना झुकते हैं और ना ही टूटते हैं। वे अपने सिद्धांत पर अंगद के पांव की तरह अडिग होते हैं। ऐसे ही विकट-जीवट लोगों में से एक हैं रामेश्वर वैष्णव। जिन्हें छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से साहित्य क्षेत्र में देय सर्वोच्च पुरस्कार पं सुन्दर लाल शर्मा से अलंकृत होने का गौरव प्राप्त है।

जिनकी कलम लिखती है "अइसन दिया बार रे संगी जे ह दुनिया भर ला करें अंजोर"। उनकी यह कविता पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन छत्तीसगढ़ पाठ्यक्रम में भी शामिल है। नाम के अनुरूप काम को उन्होंने अपना आदर्श बना लिया है। उनके नाम में राम ईश्वर और वैष्णव शामिल है। इसीलिए ना राम के ना रहमान के बस अपने ईमान के साथ-साथ उन्होंने अपनी जीवन और अपनी लेखन शैली में "होई है वही जो राम रचि राखा" शामिल कर रखा है। उनके नाम के साथ जुड़े वैष्णव से हमें नरसिंह मेहता द्वारा लिखित एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे" की याद आ जाती है।

रामेश्वर वैष्णव जी ने अपने आचरण के साथ साथ अपनी कलम की मिजाज को एक दीपक की तरह बनाए रखा है, जो कि राजा के महल में भी उतनी ही रोशनी देता है, जितनी की एक गरीब की झोपड़ी में। इसीलिए कभी व्यंग तो कभी गजल तो कभी कविता तो कभी हास्य रचना में वे अमीर-गरीब नेता-अभिनेता पर बेबाक शब्दों की हथौड़ी चला देते है।अंग्रेजी, हिंदी, छत्तीसगढ़ी शब्दों को मिलाकर जब वे नये अप्रचलित शब्दों को गढ़ते हैं तो उसे पढ़-सुनकर मन गदगद हो उठता है।

### 'कुछ अलग करने की जिद्द'

आम लोगों की भांति रामेश्वर वैष्णव ने अपने जीवन में असफलता और निराशा को बहुत करीब से देखा है। ऐसे क्षण में उन्होंने इस सूत्र को अपनी सफलता का मूल मंत्र बना लिया कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना नहीं पड़ता बल्कि कुछ करना पड़ता है। कुछ अलग करने की उनकी जिद्द और चाहत ने उन्हें छत्तीसगढ़ी में गजल लिखने वाले छत्तीसगढ़ के प्रथम गजलकार के रूप में पहचान दी है। छत्तीसगढ़ी में गजल ही नहीं बल्कि कव्वाली, भांगड़ा और रैप शैली में भी गीत प्रस्तुति के अनूठेपन को अपनी पहचान बनाई है।



वे छत्तीसगढ़ महतारी के बेजोड़ बेटा है। उनके द्वारा रचित गीत "अब मोला जान दे संगवारी आधा रात पहागे मोला घर मां दीही गारी" जब जब छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था 'चंदैनी गोंदा' (वर्ष 1971) के मंच पर बजता था, तब तब रसिक श्रोता-दर्शकगण झूम उठते थे। आज भी उनके द्वारा रचित ए गीत जनप्रिय है। जन मन की जुबान पर बसा हुआ हैं। मेला मड़ाई के अलावा अन्य तीज त्यौहार और विभिन्न अवसरों में छोटे बड़े सभी लोक संस्कृतिक मंचो में तथा रेडियो सहित विभिन्न चैनल में रामेश्वर जी के रचित गीत प्रायः फरमाईशी गीतों के अव्वल क्रम पर होते हैं।

### 'पॉलीटिकल नहीं पेन एप्रोच को नमन'

छत्तीसगढ़ की कला बिरादरी के हक और हित के लिए उन्होंने अपनी कलम की धार को बनाए रखा है। इसीलिए छत्तीसगढ़ के व्यंगकारों की चोटी पर उनके नाम की गूंज है। यश, प्रशंसा, पुरस्कार के लिए वे कभी 'पॉलीटिकल एप्रोज' (राजनैतिक पहुंच) को नमन नहीं करते बल्कि अपनी 'पेन एप्रोच'(कलम की ताकत) को ही महत्व देते हैं। वे ऐसे ऊर्जावान व्यंग्यकार कवि हैं, जिन्हें देख-सुनकर एक ही आवाज आती है कि रामेश्वर वैष्णव माने देसी मिजाज देसी स्वाद। फाइव स्टार होटल में खटिया पर बैठकर खाना लाजवाब लगता है। लोगों को वहां फाइव स्टार होटल का नहीं खटिया में बैठकर खाने का मजा आता है। इसी ठेठ मजा को रामेश्वर जी ने समझा और पकड़ा।

अपनी कविताओं में देसी मिजाज देसी स्वाद का तड़का डालकर वे लेखनी में नया नया प्रयोग करते हैं। सामान्य से परे लिखने की शैली, पढ़ने की शैली, शब्दों का उपयोग, विषयों का चयन, वे अपनी कविता व्यंग में करते हैं। 'रामेश्वर शैली' ने पाठकों, श्रोताओं, समीक्षकों को सदैव आकर्षित किया है। अमीरी गरीबी की गहराई की खाई को भी उनकी कलम ने शब्दों का पैमाना बनाकर बखूबी नाप दिया है।

### "संस्कार सहित सकारात्मक सोच पर जोर"

श्री वैष्णव जी के भीतर एक संवेदनशील कवि विराजता है, जो मानवीय रिश्तों के महत्व को बखूबी उजागर करता है। माता-पिता जो कि संतानों की उपेक्षा से वृद्धाश्रम में जीने को विवश है। उनकी मर्मान्तक पीड़ा को व्यक्त करते हुए और नई पीढ़ी की संतानों को सीख देने के लिए उन्होंने बेहद प्रभावशाली की गीत "सिरजन करथे पालन करथे, कम करथे संताप ल- झन भूलव मां बाप ल" लिखा है, जिसका उपयोग छत्तीसगढ़ी फिल्म में भी अत्यन्त प्रभावी ढंग से छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध निर्देशक सतीश जैन ने किया है। बदलते दौर के साथ नई पीढ़ी के तौर तरीके और बेढ़गे पहनावा पर भी उनकी पैनी नजर है। वे इसके लिए लिखते हैं "नोनी बेंद्री ओ, पहिरे हावस चेंदरी ओ"।

कविश्री रामेश्वर जी ने अपने जीवन में इस बात को भी सिद्ध कर दिया है कि भाग्यशाली वे नहीं होते जिन्हें सब कुछ अच्छा मिलता है, बल्कि भाग्यशाली वे होते हैं जिन्हें जो मिलता है उसे ही वे अच्छा बना लेते हैं। अपनी इसी सोच की बदौलत जीवन में सदैव हरेक क्षेत्र में आप आगे बढ़ते रहे। छत्तीसगढ़ के शोषण और छत्तीसगढ़ियों के आत्मविश्वास और अस्मिता को जगाने-बचाने के लिए बड़ी प्रेरक रचना आपने की है- "मन ल पोठ करके भीड़बे त कइसनो परबत उतान हो जाही, घर के सियान कहूं सुते रही, त बाहिर के पहुना ह घर के सियान हो जाही"।

### पीर पराई जाने रे

सभ्यता संस्कार को बचाते हुए सकारात्मक सोच को बनाए रखने का भी प्रभावी संदेश जन मन को रामेश्वर जी अपनी रचनाओं के माध्यम से देते हैं। उनकी रचनाओं में मानव मन की पीड़ा साफ झलकती है। वे दूसरों के दुख दर्द को समझ कर उसे शब्दों में डालकर जनमन के बीच पहुंचाते हैं। ऐसा करके वे दुखी जनों की पीड़ा हरने का भी प्रयास करते हैं। इसे देखते हुए कहना होगा कि डिग्रियां लाख हो चाहे आपके पास, पद कितना भी ऊंचा हो आपका, पर किसी की झलकती आंखों के दर्द को आप नहीं पढ़ पाए, किसी की आंखों से बहते आंसू को आप नहीं रोक पाए, तो आप अनपढ़ ही कह जाएंगे और आपके उच्च पद पर आसीन होने पर जनसमुदाय निरर्थक का ठप्पा लगा देगा। ठप्पा शब्द से याद आया रामेश्वर जी डाक-तार विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसलिए उनकी रचनाओं में पोस्ट कार्ड, अंतर्देशी, लिफाफा, टेलीग्राम, मनीआर्डर की प्राप्ति पर मिलने वाले सुख-आनंद का बोध होता है।

### "नेत्रज्योति हीन पर कविता"

नेत्रहीन होना सचमुच किसी भी व्यक्ति के लिए बेहद कष्टकारी होता है, लेकिन एक नेत्रहीन व्यक्ति के निवेदन पर रामेश्वर वैष्णव जी ने एक ऐसी रचना कर दी जो नेत्रहीन के साथ-साथ नेत्रवान लोगों के लिए भी प्रेरक कालजई रचना बन गई है। नेत्रहीन की पीड़ा को व्यक्त करते हुए वे लिखते हैं- "बने करे राम मोला अंधरा बनाए- आंखि के देखे सुख न धराये"।

### "दब्बूपन को उखाड़ फेकने आव्हान"

छत्तीसगढ़ी बोली को भाषा के रूप में दर्जा देने के लिए वे मानकीकरण पर अर्थात एकरूपता की आवश्यकता पर बल देते हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ के माथे पर अंकित 'पिछड़े राज्य' के टीका को नेस्तनाबूत करने के लिए वे नई पीढ़ी के युवाओं को छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, बोली, भाखा, रीति-रिवाज, पर्व-परंपराओं को जानने का आव्हान करते हैं। छत्तीसगढ़ियो के भीतर बैठे "दब्बूपन" को आमूलचूल उखाड़ फेंकने के लिए उनको जगाते हुए कहते हैं- ऐसी कोई रात नहीं जिसके बाद प्रभात नहीं, सूरज का रास्ता जो रोके अमावस की औकात नहीं।

पूर्व महाप्रबंधक (जन)
एम 8 सेक्टर 2 अग्रोहा सोसाइटी
रायपुर (छ.ग.) 492013
मो. 9893123310

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 345 : श्री राम ने गंगा नदी पार कराने के लिए श्रमवीर का आभार व्यक्त किया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



नाविक ने अपने दोनों हाथ जोड़े और पारिश्रमिक लेने से मना करते हुए कहा, "यह क्या माते? मैं आपसे कोई पारिश्रमिक नहीं ले सकता हूँ। काम कोई ऐसा विशेष भी नहीं था कि आप मुझे नाव की उतराई दे दें।"

"यह पारिश्रमिक नहीं है बल्कि तुमको भेंट है श्रमवीर! तुम्हारे पारिश्रमिक का कोई मूल्य हो भी नहीं सकता है।" सीता जी ने समझाते हुए कहा।

श्रमवीर केवट ने फिर कहा, "अगर भेंट देना ही है तो इतनी बहुमूल्य वस्तु की क्यों?"

श्री राम ने समझाया, "श्रमवीर, भेंट का मापदंड भावना से है, उसके मूल्य से नहीं। आपने हमारी जो सहायता की है, वह भी अमूल्य है। क्योंकि सीता के पास कुछ गिनी चुनी वस्तुएं ही हैं। अतः भेंट में तुम्हारी सेवा के किसी प्रतिफल का गुणा भाग नहीं किया गया है।"

श्रमवीर ने फिर अपना तर्क रखा, "प्रभु आपको अभी एक लंबा मार्ग तय करना है। अतः माता यह भेंट अपने पास संभाल कर रखें। आगे न जाने कब इसकी आवश्यकता हो। हां, वापसी में आप जो भेंट देंगे, वह मैं सहर्ष स्वीकार कर लूंगा।"

कितनी उदात्त भावना है श्रमवीर केवट की। श्री राम का जन से प्रेम का संबंध है।वे यह समझ गए थे कि यह कोई साधारण यात्रा नहीं है और इसमें उन्होंने स्वयं भी अपना योगदान कर दिया। सीता जी ने अपनी अंगूठी वापस रख ली। आज श्रमवीर केवट ने स्वयं को महाधनिको से भी अधिक धनी सिद्ध कर दिया।

आज गंगा तट पर समय ठहर सा गया है। श्रमवीर केवट वापसी को तैयार नहीं हैं। वे भाव विह्वल होकर श्री राम के सम्मुख हाथ जोड़े खड़े हैं। श्री राम ने कहा, "हे श्रेष्ठ मानव! तुमने अपना कर्तव्य पूरा कर दिया है। अब अपनी आजीविका के कर्तव्य को भी पूरा करो।"

श्री राम के इतना कहते ही केवट की तंद्रा टूटी। नदी के तट की ओर कुछ यात्री आते दिखाई दिए। श्रमवीर केवट श्री राम का संकेत समझ गए। एक ही कार्य में पूरी तरह निमग्न हो जाना और इसके कारण अपने अन्य कर्तव्य भूल जाना कहीं से उचित नहीं है। श्रमवीर ने श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी के चरण स्पर्श किए। श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए उसे अपनी बाहों में भर लिया। निषाद राज और केवट दोनों की आंखों में आंसू की कुछ बूंदें छलक आईं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।


लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -270

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 269 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खु | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## सामयिक चर्चा

### नेता भाषण में होते हैं महान, पर यथार्थ में ...!

सन्त शिरोमणि
गुरूघासीदास जी की जयंती पर,
भैयाजी का उद्बोधन सुनकर,
खूब खुश होकर
बानी बोले - " भैया गजाधर !
क्या खूब भैयाजी ने
भाषण दिया है
उन्होंने तो हमारे दिल दिमाग को
बड़ा खुश किया है।
भैयाजी ने गुरूघासीदास की
संसार को ही सीख की
महन्ता बताते हुए
हम सबको सीख दी
और विशद रूप से समझाया -
कि मनखे-मनखे एक समान ।"
गजाधर मुस्कराए, बोले - " बानी ! देखो,
नेता जब अपने भाषण में,
बोले - बात में होते हैं, महान।
पर यथार्थ में, अपनी पार्टी में होते हैं वे,
'मनखे मनखे एक समान ।'
पर दूसरी पार्टी के मनखे की,
करते रहते हैं बुराई,
और किया करते हैं उन्हें,
वे जब-तब परेशान।



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### नासूर

जीवन के सोलह संस्कारों में एक विवाह को भी दर्जा मिला है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के अनुसार स्वतंत्र रूप से जीने का सभी को अधिकार विश्व पटल में मिला है। यह जानना बेहद जरूरी मानता हूं कि वर्तमान परिवेश में वैवाहिक जीवन में पति-पत्नी के मध्य परस्पर सहयोग का अभाव यदा-कदा प्रकाश में आता है, जिनमें सुलह करने में पारिवारिक सदस्यों की भूमिका अहम होती है। जहां पर ऐसे विकार उत्पन्न होने पर यदि एक पक्ष की ओर से पहल पर, दूसरे पक्ष के हावी होने की स्थिति में सुलह असफल होना तय हो जाता है।

भारत संघ के कानून के अनुसार अठारह वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदान का अधिकार मिलता है। वैवाहिक जीवन के संबंध में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों के लिए अठारह और इक्कीस वर्ष की आयु निर्धारित है। यह कानूनी मान्यता है कि अठारह वर्ष पूर्ण होने पर भला बुरा समझने में सक्षम हर नौजवान युवक युवती हो जाते है।

वैवाहिक जीवन में पदार्पण होने पर प्राकृतिक बदलाव होना तय है जिसमें परस्पर सहयोग की अपेक्षा ही आवश्यक पहलू बनता है, जिसके अभाव में विकार उत्पन्न होना अवश्यसंभावी हो ही जाता है। तब यह विवाद का रूप लेकर न्यायालयीन कार्यवाही में तब्दील होता है। समाज में जब ननद सास के रूप में महिला होती है तो वह बहू की नजर में अपराधी हो जाती है। वहीं ननद जब बहू बनती है तब उसे भी वहीं अधिकार मिल जाता है। कानून सम्मत सभी को न्याय पाने का अधिकार संविधान प्रदत्त है। इस अधिकार के लिए तोड़ मरोड़कर कर आरोप लगाकर कई अवसरों में यह नजारा देखने को मिल रहा है। जिसका परिणाम वैवाहिक जीवन में पुरुष वर्ग के कई परिवारों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए वैवाहिक संबंध होना आवश्यक है पर दोनों पक्षों के मध्य परस्पर सहयोग के अभाव में विवाद उत्पन्न होना नासूर का रूप ले रहा है। हर माता-पिता की इच्छा और चाह यही होती है -

नम्र बनो कठोर न बनो, फूल सा सहेजा तुमको।
स्नेह निधि सिंचित कर, प्रगाढ़ बनाया है तुमको।
क्षण भर विचलित न हो, फतह करना है तुमको।
नेक बनो सक्षम बनो, विश्वास यही है हमको।



गजेन्द्र बख्शी
अधिवक्ता
राजनांदगांव

## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।




**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें।




**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे। यदि आप किसी प्रकार का मकान या दुकान खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।



**कन्या**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख और सौहार्द की वृद्धि होगी। कारोबार के सेल्स में बढ़ोतरी होगी।




**तुला**
आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन नई उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे। साथ ही ज्यादा समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे।




**धनु**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोडा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा।



**मकर**
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।



**कुंभ**
आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है।



**मीन**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी। आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

# धर्मनगरी को सांस्कृतिक राजधानी बनाने का प्रयास होगा-कलेक्टर संजय अग्रवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में भारत स्काउट गाइड फेलोशिप के पांच दिनों तक चले एडवेंचर कैंप का समापन कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर स्थित मोटेल में 13 से 17 दिसंबर तक चले इस शिविर में देश भर के 17 राज्यों से 70 स्काउट गाइड ने भाग लिया। सभी ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर एडवेंचर किया।

समापन समारोह ग्रेन्ड कैंप फायर में पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम में हुए सांस्कृतिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मां बमलेश्वरी देवी की नगरी वास्तव में सर्वधर्म समभाव की नगरी है। यह देवभूमि है यहां पर साक्षात मां बमलेश्वरी का आशीर्वाद प्रवाहित होता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने एडवेंचर कैंप के लिए इस स्थान का चयन कर डोंगरगढ़ ही नहीं बल्कि राजनांदगांव व छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है। निश्चित रूप से सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान होना चाहिए। देश के 17 राज्यों से आए लोग यहां की सांस्कृतिक भाषा वेशभूषा भोजन बोली से परिचित हुए हैं। यहां के स्थानों का भ्रमण किया है । परिक्रमा पथ व मंदिर परिसर की सफाई की, यह वास्तव में एक अच्छा कदम है। ऐसे कार्यक्रम में आकर में अभीभूत हूं निश्चित रूप से इस तरह के सेवा कार्य हमारे समाज को एक नई गति देंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश एक अच्छा राज्य है यहां के लोग बहुत सहज और सरल हैं। जल्द ही सबको अपना बना लेते हैं। डोंगरगढ़ सर्वधर्म समभाव की नगरी है जहां मां बमलेश्वरी का आशीर्वाद है वही भगवान गौतम बुद्ध की पहाड़ी पर अंतरराष्ट्रीय आयोजन प्रतिवर्ष होता है जैन धर्म के आचार्य विद्यासागर जी ने यही समाधि ली है। सिख धर्म व क्रिश्चियन समाज के भी अच्छे धर्मस्थल यहां पर हैं आने वाले में समय में यह शहर व जिला अच्छा प्रदर्शन करेगा यहां सभी धर्म के लोग सहयोगात्मक रूप से व प्रेमभाव से रहते हैं मैं देख रहा हूं कि शिविर में जो लोग आए हैं वे बहुत अच्छी पोस्ट पर पदस्थ हैं पर अपनी पोस्ट को भूलकर एक सामान्य नागरिक की तरह आकर बच्चों की तरह सभी चीजों को भूलकर निस्वार्थ भाव से प्रदर्शन कर रहे हैं। 2 दिन पूर्व चीफ जस्टिस भी सामान्य नागरिक की तरह यहां आए थे। पद हम पर हावी हो जाता है जिससे हम मनुष्य के रूप में जो प्रतिभा हमारे अंदर है वह सामने नहीं आ पाती। ऐसे आयोजन से नकारात्मकता बाहर होती है समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक दूसरे की गलतफहमियां भी दूर होती हैं। 17 राज्यों के लोग यहां पर हैं उनकी पहचान एक दूसरे से होगी। भाईचारा का संदेश देती यह संस्था एक इंटरनेशनल संस्था है दो देश श्रीलंका व उत्तर कोरिया के स्काउट भी यहां उपस्थित हैं। जो आपसी भाईचारा का संदेश जन-जन को दे रही है।



- भारत स्काउट गाइड फैलोशिप एडवेंचर कैंप का गरिमामय आयोजन संपन्न
- विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखी कैंप में

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर डीपीओ नागपुर उदय भारती ने कहा कि यह शिविर निश्चित रूप से सांस्कृतिक गतिविधियों को एक नया आयाम देगा इसका आयोजन पूर्व में सिकंदराबाद में हुआ था अब एसईसीआर नागपुर डिविजन को यह अवसर मिला है जहां 17 राज्य से 70 लोग आए हैं दो दिन पूर्व हमने रायपुर रेलवे के वर्कशॉप में एसईसीआर स्टेट का गठन किया है स्काउट गाइड का मुख्य संदेश राष्ट्र सर्वोपरि सबसे बड़ा मंत्र है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी राज्य के रोग भाग ले रहे हैं जो आपसी सामंजस्य को प्रोत्साहित करते हैं शिविर में आसपास के विभिन्न स्थानों हजराफाल कचारगढ़ परिक्रमा पथ बमलेश्वरी मंदिर प्रज्ञागिरी में ट्रैकिंग कर इस कैंप को जीवंत किया है यह निश्चित रूप से सराहनीय है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया आभार प्रदर्शन फेलोशिप के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र साखरे ने किया।

कार्यक्रम में बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष सुनील जैन, पूर्व अध्यक्ष केशव अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय बिंदल, मारवाड़ी धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर पन्नालाल बाफना, गौशाला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, योग वेदांत समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी विष्णु लोधी, समाजसेवी व जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राय, प्रकाश चौरडिया, प्रफुल्ल चावडा, सेवानिवृत्ति पोस्टमास्टर मनोज गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, ट्रस्टी सुभाष पचेरीवाला, गोविंद चोपड़ा, विश्व जागृति मिशन के अध्यक्ष नोहरू राम देवांगन, सिख समाज के हरपाल भाटिया, जमात मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, पत्रकार दीपक साखरे, सोनकुमार सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम, नगर निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार सुश्री जैन, रेलवे के स्टेशन मास्टर श्री सेठी, डीटीआई श्री राणा, आईओडब्लू मुनेश कुमार, पीडब्ल्यूआई निशांत भोयर, विकास कुमार, पी. सूर्याराव, सत्यम स्वामी, रेलवे के अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के लोग उपस्थित थे।

इस शिविर की विशेष बात यह रही कि इसके समापन समारोह में विश्व के अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष सायमन हांग बुक री इंटरनेशल स्काउट गाइड फेलोशीप कोरिया, किम सोनी शू अध्यक्ष कोरिया टाइगर स्काउट एसोसियेशन, श्रीज्ञान प्रकाश कुमारा अध्यक्ष क्रीन व प्रेसीडेंट स्काउट गिल्ड श्रीलंका एवं मोहम्मद इब्राहिम नजत गिल्ड श्रीलंका उपस्थित हुए। अंतिम शिविर समाप्ति के पूर्व प्रज्ञा गिरी में सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई। सायमन हांग बुकरी अटॉस वर्ल्ड के अध्यक्ष भी हैं।

## पहला कॉलम...

### आयबांधा में गुरुघासीदास जयंती 22 को

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम आयबांधा में आगामी 22 दिसम्बर दिन रविवार को गुरुघासीदास जयंती का आयोजन रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज प्रमुख मोहन जोशी ने बताया कि संत संगवारी पंथी पार्टी द्वारा प्रातः पंथी नृत्य के साथ प्रभातफेरी निकाली जायेगी व संध्या 7 बजे बाबा घासीदास के जीवनवृत को लेकर कविता, भाषण व नाटकों की प्रस्तुति दी जायेगी, पश्चात रात्रि दस बजे से ग्राम बुटाकसा वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का आयोजन रखा गया है। सामाजिक बंधुओं ने इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### बाबा उमाकान्त महाराज का सत्संग व नामदान 22 दिसंबर को उरईडबरी आश्रम में

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम उरईडबरी आश्रम में 22 दिसंबर दिन-रविवार को दोपहर 12 बजे से बाबा उमाकान्त महाराज का सत्संग व नामदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वे कहते है कि इसांन को इस वक्त अपने किए हुए बुरे कर्मो की सजा मिल रही है। जिसके कारण घर-घर में बिमारी, लड़ाई-झगड़ा, टेंशन, मानसिक अशान्ति देखने को मिल रही है। आज भागदौड़ की जिन्दगी में इंसान सुख-शांति का उपाय बताने वाले उक्त के समर्थ सन्त के पास पहुँच नही पा रहा। सौभाग्य की बात है कि बाबा जयगुरूदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी वक्त के समर्थ सन्त सतगुरू बाबा उमाकान्त महाराज अति दया करके अपने छत्तीसगढ़ में पधार रहे हैं।

ये वही बाबा उमाकान्त महाराज हैं जिनके दर्शन करने, सतसंग सुनने, बताए हुए रास्ते पर चलने से दुःख, तकलीफ, बीमारियों में फायदा होने लगता है और नामदान लेकर सुमिरन-ध्यान-भजन करने से आत्मिक विकास भी होता है। अतः आपसे विनीत है कि आप अपने परिवार, इष्ट-मित्र सहित पधारकर लाभ प्राप्त कर लीजिए क्योंकि जीवन में ऐसा अवसर कभी-कभी मिलता है।

### भोलापुर मंडई 21 दिसंबर को

- रात्रि में होचेटोला जिला बालोद वालों का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम
- मंडई मेला में अंडा, मांस, मछली बिक्री प्रतिबंधित

छुरिया (दावा)। ग्राम भोलापुर विकासखंड छुरिया जिला राजनांदगांव मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 21 दिसंबर दिन शनिवार को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। मंडई मेला के इस आयोजन में पूर्व की भांति मंडाई मेला में अंडा, मांस, मदिरा बेचना प्रतिबंध रहेगा। मंडई मेला आयोजन समिति के प्रमुख मोहितराम सिन्हा ग्राम पटेल, रूखम प्रसाद पांडे सरपंच भोलापुर, हेमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर, दुकालू साहू कोषाध्यक्ष, भोजेश चतुर्वेदी सचिव ने जानकारी देते हुए मंडई मेला आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में आसपास के ग्रामीणों को उपस्थित की अपील की है।

### कल ग्राम बासुला में गुरुघासीदास जयंती एवं मड़ई



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम बासुला में संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा जी की 268वीं जयंती के शुभ अवसर पर गांव में मड़ई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए 'रंगझाझर लोक कला मंच ग्राम रेंगाकठेरा(बखत)' वालो का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेला का शोभा बढ़ाए यह अपील की गई है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष सुकालू राम मांडले द्वारा दी गई है।

### कुमरदा में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 26 दिसम्बर से



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से ग्राम कुमरदा में 26 दिसम्बर से 3 जनवरी 2025 तक समय 12 बजे से 4 बजे तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमें कथावाचक के रूप में पंडित कृपाशंकर मिश्र उपाध्यायपुर जिला प्रतापगढ़ उप्र उपस्थित रहेंगे। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 26 दिसम्बर दिन गुरुवार को भव्य कलश यात्रा व गोकर्ण कथा के साथ की जाएगी उसके पश्चात प्रतिदिन नियत समय पर कथा प्रारंभ की जाएगी जो अनवरत रूप से 3 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी। अंतिम दिन कथा पश्चात भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया है। ग्रामीणों की ओर से दिनेश ठाकुर, कान्ति लाल साहू, ज्ञानचंद साहू, किशन सिंह साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, नूनकरन भुआर्य, ललित साहू आदि लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

# भाजपा सरकार का कुशासन के माहौल में सुशासन दिवस मनाना दुर्भाग्यजनक

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने अपने एक जारी बयान में कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाया जाने को हास्यास्पद बताया है उन्होंने कहा कि वास्तविक धरातल पर कुशासन ही कुशासन है पूरे प्रदेश में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। प्रशासनिक महकमें में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के नेता भ्रष्टाचार और खुशियां मनाने में मस्त है। जनता कह रही है बुनियादी समस्याएं विकराल रूप लेती जा रही है। साय सरकार को हरा ही हरा सुछ रहा है। सोसाइटियों में धान खरीदी व्यवस्था बुरी तरह गड़बड़ा गई है। पूरे प्रदेश में अवैध शराब का बोलबाला है। खुद सरकार कोचिंयो के माध्यम से शराब बिकवाकर सरकार के नुमाइंदे अपने जेब भरने में लगे हैं। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।



जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने भाजपा के 1 साल को बताया फेल

श्री यादव ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने हाफ बिजली योजना लागू की थी। सत्ता में बैठते ही पब्लिक को 440 वोल्ट का ऐसा करंट मार की जनता को कांग्रेस सरकार याद आने लगी। आज जनता अनाप शनाप बिजली बिल से परेशान है। रसोई में गृहणियों को महंगाई को लेकर रोना पड़ रहा है। कृषि के क्षेत्र में भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिए बेहतर योजना लाई।

आज जो किसानों को धान के समर्थन दर पर वृद्धि का लाभ मिल रहा है। वह कांग्रेस की देन है भाजपा ने चुनाव के समय 3100 रुपये प्रति क्विंटल एकमुश्त भुगतान का वादा किया था। वह झूठा निकला किसान भाजपा को कोस रहे हैं। खुद उनकी पार्टी से जुड़े किसान अपनी सरकार किरकिरी कर रहे हैं। कांग्रेस के शासनकाल में पूर्ण शराबबंदी को लेकर इतना हल्ला मचाने वाली भाजपा खुद शराब बिकाकर अपनी तिजोरी भर रही है। जनता की सेहत से खुद खिलवाड़ कर रही है।

खुद सरकार के नुमाइंदे शराब में बड़ी चालाकी से पानी मिलाकर मुनाफा कमा रहे हैं। मुनाफा कमाकर भाजपा नेताओं को पानी का पैसा बनाकर दे रहे हैं। साय सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर कोई लगाम नहीं है। बल्कि भाजपा के नेताओं को अवैध कार्यों में खुलेआम लिप्त होने की खबरें मिल रही है। नदियों में पानी कम होते ही अवैध रेत के अवैध उत्खनन परिवहन का गोरख धंधा फिर शुरू हो गया है। अवैध मुरुम व गौन खनिज का अवैध उत्खनन भाजपा नेताओं के द्वारा बेरोकटोक जारी है। राजनांदगांव जिला जो पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का निर्वाचन जिला है। यहां बड़े अधिकारियों को पदस्थ करने के लिए बोली लगती है। ताकि वह ज्यादा से ज्यादा कमा कर भाजपा के बड़े नेताओं को दे सकें।

## जनपद सभापति ने किया विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरसनटोला में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन चंद्रिका रोहित सोनकर सभापति जनपद पंचायत डोंगरगांव द्वारा किया गया, जिसमें सार्वजनिक मंच के सामने कंक्रीटीकरण दो लाख चौदह हजार, गली कंक्रीटीकरण सोनकर पारा एक लाख, सी.सी.रोड निर्माण, शीतला पहुंच मार्ग एक लाख, नाली निर्माण पंचायत से डबरी तक शामिल हैं। भूमिपूजन के अवसर पर जनपद सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर, सरपंच मनीषा गंधर्व, उपसरपंच युगल सोनकर, पंच रेखा साहू, सेवती निषाद, प्यारे सोनकर पंच, रवि सोनकर, मीणा नेताम, हेमलाल साहू, देवसिंह, धरम निषाद, कुंती बाई, श्यामकुंवर, मनीषा, गीताबाई, रेखाबाई, धर्मिन निषाद सहित ग्रामीण मौजूद रहे। उक्त अवसर पर ग्रामीणों ने सभापति का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## भोलापुर में श्रीमद भागवत कथा 23 दिसंबर से

छुरिया (दावा)। ग्राम भोलापुर वि.ख छुरिया जिला राजनांदगांव में जय मां अंबे पंचदर्शन मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पं. राजकुमार त्रिपाठी थानखमरिया जिला बेमेतरा होंगे।



पं.राजकुमार त्रिपाठी (बेमेतरा) करेंगे कथावाचन

आयोजन के लिए भोलापुर के ग्रामीणों द्वारा विगत दिनों थानखमरिया पहुंच कर महाराज जी को श्रीफल (नारियल) भेंट कर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर शीशुपाल साहू, रूखम प्रसाद पाण्डेय, लालाराम साहू, गोपी देवांगन, परमानंद साहू, कुंजलाल साहू, गुहाराम साहू, दुकालू साहू, लखनसाहू, इंदल साहू, छनू साहू, गणपत साहू, नोहर साहू, प्यारी विशवकर्मा, किसन साहू, तुलसी साहू, हुमन ठाकुर, शत्रूहन साहू, भानुप्रताप साहू, तिलोचन साहू, टीकम साहू, लिलूराम साहू, प्रभूराम साहू, उपस्थित थे। भागवत कथा का शुभारंभ 23 दिसंबर सोमवार को भागवत स्थापना एवं ज्ञान भक्ति, वैराग्य, गौकर्ण कथा से होगा। 24 दिसंबर मंगलवार को सुकदेव, व्यासनारायण, नारद जन्म, परीक्षित, श्राद्ध, महाभारत, 25 बुधवार को सृष्टि वर्णन, कपिलमुनि अवतार, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 26 गुरुवार को भक्त प्रहलाद कथा, गजग्राह युद्ध, समुद्र मंथन, वामन अवतार कथा, 27 शुक्रवार को राजा हरिशचन्द्र, राम अवतार, भरत मिलाप, कंस जन्म, कृष्ण जन्म कथा, 28 शनिवार को श्री कृष्ण बाल उत्सव, गोवर्धन पूजा, रामलीला, कालिया मर्दन कथा, 29 दिसंबर रविवार को रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र कथा, 30 दिसम्बर सोमवार को श्री कृष्ण गोलोक गमन, राजा परीक्षित मोक्ष के बाद शोभा यात्रा निकलेगी। कथा का समापन 31 दिसंबर मंगलवार को गीता सार, तुलसी वर्षा, हवन, पूर्णाहूति, प्रसादी वितरण के साथ किया जायेगा।

श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष शिशुपाल साहू, उपाध्यक्ष मनबोध चतुर्वेदी, सचिव रूखम प्रसाद पांडे, कोषाध्यक्ष पोखनदास साहू ने उक्त आयोजन में धर्म प्रेमी सज्जनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान करने की अपील की है।

# नैनो उर्वरकों के उपयोग से जहां किसानों के लागत में कमी आएगी वहीं उत्पादन में वृद्धि होगी - शशिकांत द्विवेदी

## गोटाटोला सोसाइटी परिसर में इफको द्वारा कृषक सभा सह क्रान्तिक आदान वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिस तरह मनुष्य को शुद्ध पेयजल के लिए आज मिनरल वाटर और आर.ओ. वाटर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उसी तरह यदि हम रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग में कमी नहीं लाएंगे तो आने वाले दिनों में धरती माता का स्वास्थ्य खराब होने के कारण मृदा प्रदूषण, जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण इतना ज्यादा बढ़ जाएगा कि ऑक्सीजन की कमी के चलते मनुष्य को सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की बोतलों को लेकर चलना पड़ेगा। अतः हमें केमिकल फर्टिलाइजर के उपयोग में कमी लाते हुए विकल्प के रूप में इफको द्वारा लॉन्च किए गए नैनों उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना होगा। उक्त उद्गार भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं इफको के आरजीबी सदस्य शशिकांत द्विवेदी ने इफको द्वारा आयोजित किसान सभा सह क्रान्तिक आदान वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।



गत दिनों मोहला मानपुर चौकी जिले के गोटाटोला सोसाइटी परिसर में इफको द्वारा कृषक सभा सह क्रान्तिक आदान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को इफको के नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक, बायोडीकंपोजर उत्पादों के बारे में जागरूक करना था। श्री द्विवेदी ने नैनो उर्वरकों, ड्रोन तकनीक तथा नमो ड्रोन दीदी एवं नैनो डीएपी के डोंगरगढ़ क्षेत्र में प्रभावी परिणाम के बारे में चर्चा की। श्री द्विवेदी ने किसानों को आश्वस्त किया कि नैनो उर्वरकों का उपयोग मक्का की खेती में आवश्यक रूप से करें। इससे जहां लागत में कमी आएगी वहीं उत्पादन में वृद्धि होगी। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक आर के एस राठौर ने नैनो उर्वरक उत्पादों को किसानों के बीच लाए जाने के उद्देश्य के बारे में बताया साथ ही उनके उपयोग के सही तरीके उनके लाभ और संतुलित उर्वरक उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विपणन प्रबंधक श्री राठौर ने नैनो डीएपी के साथ बीज उपचार कैसे किया जाए, उसकी मात्रा क्या होनी चाहिए तथा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का कब और कितना इस्तेमाल किया जाना चाहिए, इन सभी की विस्तृत रूप से किसानों को जानकारी दी।

श्री राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नैनो उर्वरक के एक बोतल पर संकट हरण बीमा योजना के तहत दस हज़ार रुपए का बीमा भी रहता है। इफ को के सेवानिवृत अधिकारी विकास ठाकुर ने भी बीज उपचार की प्रक्रिया, नैनो डीएपी की खुराक तथा मिट्टी परीक्षण के महत्व की भी जानकारी दी। राज्य विपणन प्रबंधक श्री राठौर और इफको के उप प्रबंधक दुर्ग दिनेश गांधी ने नैनो डीएपी से मक्का के बीज उपचार का लाइव प्रदर्शन किया। गोटाटोला के सरपंच लखन कलामे एवं पूर्व जनपद सदस्य राजेश शर्मा ने भी नैनो उर्वरकों की सराहना करते हुए सोसाइटियों में भी इसके भंडारण की मांग की साथ ही सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी को राज्योत्सव के अवसर पर सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उपराष्ट्रपति के द्वारा पुरस्कृत किए जाने पर बहुत-बहुत बधाई दी। राजनांदगांव इफको के फील्ड ऑफिसर दानिश सिद्दीकी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# कल्लूटोला में शहादत दिवस पर वीरमेला कल

कल्लूबंजारी (दावा)। छुरिया विकासखंड के साल्हेटोला के समीपस्थ ग्राम कल्लूटोला में कल 20 दिसंबर दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से प्रतिवर्षानुसार आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला एवं कल्लूटोला के ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर वीरमेला का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अखिल भारतीय ध्रुव गोंड़ महासभा ओड़ारबांध के अध्यक्ष मदन नेताम एवं तहसील अध्यक्ष शेरसिंह गोंड़िया होंगे। अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष रघुवीर सेवता करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में ओड़ारबांध गोंड़ महासभा के संचालक रमेश उइके, सहसंचालक राजेश्वर धुर्वे, महासभा के पूर्व अध्यक्ष धन्नू उइके, छुरिया के सुप्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता एवं कवि दिनेश कुरेटी दिलेर, महासभा के उपाध्यक्ष मदन खुड़श्याम, कोषाध्यक्ष मयाराम मंडलोई, महिला प्रभाग के महासभा अध्यक्ष प्रमिला उइके, उपाध्यक्ष बिसाखा मंडावी, सचिव थनवार मंडावी, तहसील उपाध्यक्ष गैंदलाल मंडावी, तहसील सचिव



वीरनारायण सिंह शहादत दिवस का होगा भव्य आयोजन

ढालसिंह मंडावी, युवा प्रभाग के तहसील अध्यक्ष मोहन कोमरे, महामंत्री मनराखन श्याम, परिक्षेत्र संचालक गौतम मंडावी, उपाध्यक्ष नरेन्द्र मंडावी, विनायक मंडावी, सहसंचालक हीरासिंह, महामंत्री उद्धव अरकरा, कोषाध्यक्ष धन्नालाल मंडलोई, उपकोषाध्यक्ष जानेश्वर कोमरे, सचिव बलवंत पोर्ते, परिक्षेत्र अध्यक्षगण दयाराम कौशल पदगुड़ा, तुलाराम पन्द्रे कोलयारी, पतराखन पडोटी पहलवान चारभांठा, चन्द्रभान कोर्राम चिरचारीकला एवं बख्शी कतलाम नांदियाखुर्द होंगे।

महामंत्री उद्धव अरकरा ने बताया कि इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया जायेगा। ग्रामवासियों के सहयोग से प्रति वर्ष की भांति कल भव्य वीर मेला का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के व्यापारियों द्वारा मिठाई, कपड़ा सहित विभिन्न प्रकार के दुकान लगाये जायेंगे। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए डोंगरगढ़ विकासखंड के भंडारपुर-भोथली के नवाकिरण नाच पार्टी का रंगारंग नाच कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी रघुवीर सेवता, उद्धव अरकरा एवं गौतम मंडावी ने आसपास लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

# पहला कॉलम...

## बांग्लादेश में उल्फा नेता परेश बरुआ की मौत की सजा रद्द

ढाका। बांग्लादेशी हाईकोर्ट ने बुधवार को उल्फा नेता परेश बरुआ की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। 2004 में पूर्वोत्तर भारत में अलगाववादी संगठन के लिए हथियारों की तस्करी के प्रयास के मामले में एक पूर्व मंत्री और पांच अन्य को बरी कर दिया। यह मामला भारत के खिलाफ काम करने वाले आतंकवादी संगठनों के लिए 10 ट्रक हथियार और गोला-बारूद से जुड़ा है। हाई कोर्ट ने अप्रैल 2004 में चट्टोग्राम के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के ठिकानों तक सुरक्षित मार्ग के लिए कथित प्रयासों के बावजूद कुल 10 ट्रक हथियार जब्त किए गए थे, जिसे तब 'चटगांव' कहा जाता था। जब्त किए गए हथियारों में 27,000 से अधिक ग्रेनेड, 150 रॉकेट लॉन्चर, 11 लाख से अधिक गोला-बारूद, 1,100 सब मशीन गन और 11.41 मिलियन गोलियां शामिल हैं। वहीं आज बांग्लादेश कोर्ट में हाईकोर्ट के सरकारी वकील ने कहा, दो सदस्यीय हाई कोर्ट की पीठ ने उल्फा नेता परेश बरुआ की सजा को कम कर दिया, जिन्हें एक मुकदमे के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। अब माना जाता है कि वह चीन में रह रहे हैं और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वकील ने आगे ये भी कहा, न्यायमूर्ति मुस्तफा जमान इस्लाम और न्यायमूर्ति नसरीन अख्तर की हाई कोर्ट की पीठ ने पूर्व गृह राज्य मंत्री लुतफुज्जमां बाबर और छह अन्य को बरी कर दिया, जिन्हें मृत्यु संदर्भ सुनवाई के बाद मृत्युदंड दिया गया था। फांसी से बचने वाले पांच अन्य लोग हैं- फोर्स इंटेलिजेंस (डीजीएफआई) के पूर्व महानिदेशक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल रेजाकुल हैदर चौधरी, सरकारी उर्वरक संयंत्र (सीयूएफएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक मोहसिन तालुकदार, इसके महाप्रबंधक एनामुल हक, पूर्व अतिरिक्त सचिव, उद्योग मंत्रालय नुरुल अमीन और जमात-ए-इस्लामी नेता मोतिउर रहमान निज़ामी।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क सेंसेक्स 18 दिसंबर को 502.25 अंकों की जबरदस्त गिरावट के साथ 80,182.20 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 137.15 अंकों की जोरदार गिरावट के साथ 24,198.85 के लेवल पर बंद हुआ। साथ ही निफ्टी बैंक भी 695.25 अंक टूटकर 52139.55 के लेवल पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान फार्मा को छोड़कर बाकी सभी सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। ऑटो, ऊर्जा, पीएसयू बैंक, मीडिया, रियल्टी में 0.5-2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। निफ्टी पर ट्रेंट, डॉ. रेड्डीज लैब्स, सिप्ला, विप्रो और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ वाले स्टॉक्स रहे, जबकि टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड कॉर्प, जेएसडब्ल्यू स्टील और एनटीपीसी में गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में करीब एक-एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को भारतीय ब्लू-चिप इक्विटी सूचकांकों में गिरावट आई। पिछले सत्र से गिरावट का रुख जारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि निवेशक फेडरल रिजर्व के साल के आखिरी मौद्रिक नीति के फैसलों का इंतजार कर रहे थे। कारोबार के दौरान बैंकिंग, ऑटो और ऊर्जा शेयरों ने सूचकांकों को नीचे ला लिया।

## कपड़ा प्रेस करते हुए 2 लोगों की दर्दनाक मौत

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश से कपड़ा प्रेस करते हुए 2 लोगों की मौत की बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों मृतकों की जान जाने के बारे में तब पता चला जब उनकी दुकान के बगल में चाय की टपरी लगाने वाले ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सूबे के मिर्जापुर जिले के दुर्जनपुर नदौली बाजार में किराये की दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण करंट लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान कर ली गई है और उनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बुधवार को जानकारी दी कि दिल दहला देने वाली यह दुर्घटना मंगलवार देर रात ड्रमंडगंज कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा, दोनों व्यक्तियों ने दुर्जनपुर नदौली बाजार में एक दुकान किराये पर ले रखी थी। इस दुकान पर दोनों दर्जी का काम करते थे। बुधवार की सुबह जब दोनों ने दुकान नहीं खोली तो बगल में चाय की टपरी लगाने वाले व्यक्ति को शक हुआ जिसके बाद उसने शोर मचाया। स्थानीय लोगों ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वैकल्पिक प्रवेश द्वार से दुकान में प्रवेश किया, तो पाया कि दोनों व्यक्ति इस्त्री के पास मृत पड़े थे। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि दोनों व्यक्तियों का शरीर आंशिक रूप से झुलसा हुआ था। उन्होंने कहा, शुरुआती जांच से पता चला है कि दोनों रात में कपड़े प्रेस कर रहे थे, तभी शॉर्ट सर्किट होने के कारण उन्हें करंट लग गया और उनकी मौत हो गई।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट ड्रॉ बारिश ने बिगाड़ा खेला

**नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के द गाबा में खेला गया टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच ड्रॉ हो गया. ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया था. लेकिन मैच के पांचवें दिन टी-ब्रेक के बाद मुकाबला शुरू नहीं हो सका. बारिश और कम रौशनी को देखते हुए मैच ड्रॉ घोषित कर दिया गया. भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें सीरीज में अभी भी 1-1 की बराबरी पर हैं.**



ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे. इस दौरान स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने शतक जड़ा था. हेड ने 152 रनों की शानदार पारी खेली थी. वहीं स्मिथ ने 101 रन बनाए थे. एलेक्स कैरी ने 70 रनों की पारी खेली थी. इस दौरान भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट झटके थे. वहीं मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए थे. आकाश दीप और नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिया था.

भारत ने पहली पारी में ऑल आउट होने तक 260 रन बनाए. इस दौरान ओपनर केएल राहुल ने अहम भूमिका निभाई. राहुल ने 139 गेंदों का सामना करते हुए 89 रन बनाए. उन्होंने 8 चौके लगाए. रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक जड़ा. उन्होंने 123 गेंदों का सामना करते हुए 77 रन बनाए. जडेजा की इस पारी में 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. आकाश दीप ने अंत में 31 रनों की अहम पारी खेली. उन्होंने 2 चौके और 1 छक्का लगाया. भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान घातक गेंदबाजी की. ऑस्ट्रेलिया ने 89 रनों के स्कोर पर 7 विकेट गंवा दिए थे. हालांकि उसने इसके बाद पारी घोषित कर दी. एलेक्स कैरी ने नाबाद 20 रन बनाए थे. कमिंस ने 22 रनों की पारी खेली. भारत के लिए गेंदबाजी करते हुए बुमराह ने 3 विकेट झटके. सिराज और आकाश दीप ने 2-2 विकेट लिए.

## ड्रॉ होने का फायदा किसे मिला, कितना बदला पॉइंट टेबल

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिहाज से बेहद अहम है. इसके हर मैच के बाद डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में बदलाव आ रहा है. एक हार या जीत टीमों की रैंकिंग बदल दे रही है. भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच में ना कोई टीम जीती और ना ही हारी. इसके चलते पॉइंट टेबल में भी ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है. दोनों टीमें अपनी पहली वाली रैंकिंग में कायम हैं. हालांकि, दोनों के अंक जरूर कम हो गए हैं.

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट ड्रॉ होने से पहले दक्षिण अफ्रीका (63.33) डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में पहले नंबर पर था. वह अब भी 63.33 परसेंट पॉइंट के साथ पहले नंबर पर बना हुआ है. ऑस्ट्रेलिया की दूसरी और भारत की तीसरी रैंकिंग बनी हुई है. हालांकि, मैच ड्रॉ होने से ऑस्ट्रेलिया के पॉइंट 60.71 से घटकर 58.89 रह गए हैं. भारत के पॉइंट 57.29 से कम होकर 55.88 हो गए हैं.

दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत के अलावा अब सिर्फ श्रीलंका ही डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस में शामिल हैं. श्रीलंका 45.45 पॉइंट के साथ पांचवें नंबर पर है. लेकिन उसे अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैचों की घरेलू सीरीज खेलनी है. अगर श्रीलंका इस सीरीज के दोनों मैच जीत लेता है तो उसके 53.85 पॉइंट हो जाएंगे.

**डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल (टॉप-5)**

| रैंकिंग | टीम | पॉइंट |
|---|---|---|
| 1. | द. अफ्रीका | 63.33 |
| 2. | ऑस्ट्रेलिया | 58.89 |
| 3. | भारत | 55.88 |
| 4. | न्यूजीलैंड | 48.21 |
| 5. | इंग्लैंड | 45.45 |




न्यूजीलैंड (48.21) ने एक दिन पहले ही इंग्लैंड को 423 रन से हराया था. कीवी टीम इस जीत की बदौलत पांचवें से चौथे नंबर पर पहुंच गई है. लेकिन इतने कम अंक के साथ कोई भी टीम फाइनल नहीं खेल सकती. न्यूजीलैंड के साथ-साथ इंग्लैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज भी फाइनल की रेस से बाहर हैं.

## स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार (18 दिसम्बर) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने का ऐलान करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया. अश्विन ने जब गाबा टेस्ट के बाद ऐलान किया तो वह आईसीसी रैंकिंग में नंबर 5 के बॉलर थे, वहीं आईसीसी रैंकिंग में नंबर 3 के ऑलराउंडर थे. अश्विन ने गेंद से तो भारत को कई मैच जिताए ही, वहीं उन्होंने कई मैच तो भारत को अपने शतक से ही जिता दिए. उनके नाम 6 टेस्ट सेंचुरी थी. अश्विन आईपीएल सहित क्लब क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे. वह IPL 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने के लिए लौटेंगे. रविचंद्रन अश्विन का टेस्ट में बॉलिंग रिकॉर्ड जबरदस्त रहा. तमिलनाडु के इस स्पिनर ने नवंबर 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था और तब से लगातार टेस्ट टीम में बने रहे. अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24.00 की औसत से 537 विकेट चटकाए हैं. इस दौरान अश्विन ने 37 बार पारी में पांच विकेट हॉल लिए. वहीं 8 बार मुकाबले में 10 विकेट हासिल किए. पारी में उनका बेस्ट प्रदर्शन 7/59 है.



## मोहम्मद शमी नहीं जा पाएंगे ऑस्ट्रेलिया?

नई दिल्ली। तो क्या मोहम्मद शमी जल्द टीम इंडिया के लिए नहीं खेल पाएंगे। वे ऑस्ट्रेलिया सीरीज के तीन मैच तो पहले ही मिस कर चुके हैं और माना जा रहा है कि बाकी बचे दो मुकाबलों के लिए भी नहीं जा पाएंगे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट के बाद रोहित शर्मा ने मीडिया से जो कुछ भी कहा, उसके बाद तो यही संकेत मिलते हैं। ऐसा जान पड़ता है कि रोहित शर्मा अभी तक शमी की फिटनेस से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने साफ कर दिया है कि वे फिलहाल मोहम्मद शमी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मौका देने का जोखिम नहीं उठा सकते। हालांकि शमी पिछले काफी वक्त से मैदान पर उतरकर खेल रहे हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में ही अपनी टीम बंगाल के लिए खेलना शुरू कर दिया था। इसके बाद वे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेलते नजर आए। अब वे उनका सेलेक्शन विजय हजारे ट्रॉफी के लिए भी हो गया है। लेकिन रोहित शर्मा की सोच कुछ अलग जान पड़ती है। रोहित शर्मा ने पूरा मामला एनसीए यानी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी पर टाल दिया है। मोहम्मद शमी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में रोहित शर्मा ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि एनसीए से शमी के बारे में बात की जाए। उन्होंने कहा कि शमी इस वक्त एनसीए में हैं और रिहैब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि एनसीए की ओर से आगे आकर बात करनी चाहिए और हमें बताना चाहिए कि शमी की फिटनेस इस वक्त कैसी है।

## डीएसपी मोहम्मद सिराज को मिला डबल प्रमोशन!

नई दिल्ली। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट चौथे दिन बेहद रोमांचक मोड़ पर आ पहुंचा था. ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में टीम इंडिया एक समय फॉलोऑन बचा पाने के लिए भी संघर्ष कर रही थी. बता दें कि गाबा टेस्ट में चौथे दिन मोहम्मद सिराज को भारतीय मैनेजमेंट ने नौवें क्रम पर बैटिंग के लिए भेजा था. अब भारत के दिग्गज गेंदबाज हरभजन सिंह ने सिराज की बैटिंग पोजीशन को लेकर मजेदार बयान दिया है.



इस चर्चित विषय ने वहां से तूल पकड़ा जब गाबा टेस्ट में चौथे दिन मैदान में नाथन लायन ने जसप्रीत बुमराह से पूछा कि वो सिराज से निचले क्रम पर बैटिंग क्यों कर रहे हैं? बुमराह ने कहा कि इसके पीछे एक राज छुपा हुआ है. अब एक शो पर चर्चा करते हुए हरभजन सिंह ने सिराज की बैटिंग पोजीशन पर चुटकी लेते हुए कहा कि अधिकांश लोग यही सवाल पूछ रहे थे कि सिराज को बुमराह और आकाशदीप से ऊपरी क्रम में बैटिंग के लिए क्यों भेजा गया? हरभजन सिंह ने मोहम्मद सिराज की बैटिंग पोजीशन के सवाल पर मजाकिया अंदाज में कहा, ÷यह बहुत अच्छा सवाल है. मुझे नहीं पता कि उन्होंने बल्लेबाजी में ऐसा क्या किया है जिससे उन्हें बैटिंग में ऊपरी क्रम पर भेजा गया.

## पाकिस्तान सरकार ने 84 भारतीय तीर्थयात्रियों को दिया वीजा

नई दिल्ली। पाकिस्तान उच्चायोग ने बुधवार को बताया कि उन्होंने 84 भारतीय तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए हैं। जिसके बाद ये तीर्थयात्री पाकिस्तान पंजाब के चकवाल जिले में स्थित प्रसिद्ध हिंदू तीर्थस्थल श्री कटासराज मंदिर के दर्शन करने जा सकेंगे। ये तीर्थयात्री 19 से 25 दिसंबर तक पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। श्री कटास राज मंदिर को किला कटास के नाम से भी जाना जाता है। यह एक परिसर है, जिससे कई हिंदू मंदिर जुड़े हुए हैं।

**प्रोटोकॉल के तहत हर साल पाकिस्तान जाते हैं भारतीय तीर्थयात्री**

भारत और पाकिस्तान के बीच के द्विपक्षीय प्रोटोकॉल के तहत भारत से सिख और हिंदू तीर्थयात्री हर साल पाकिस्तान यात्रा पर जाते हैं। उसी तरह पाकिस्तानी तीर्थयात्री भी भारत आते हैं। पाकिस्तानी उच्चायोग ने कहा कि ''नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने पंजाब के चकवाल जिले में पवित्र श्री कटास राज मंदिरों के दर्शन के लिए भारतीय तीर्थयात्रियों के एक समूह को 84 वीजा जारी किए हैं।'' पाकिस्तान के प्रभारी साद अहमद वराइच ने तीर्थयात्रियों को ''आध्यात्मिक संतोषजनक'' यात्रा की शुभकामनाएं दीं। पाकिस्तान उच्चायोग ने कहा, ''धार्मिक तीर्थस्थलों की यात्रा पर 1974 के भारत-पाकिस्तान प्रोटोकॉल के तहत, हर साल भारत से हजारों सिख और हिंदू तीर्थयात्री विभिन्न धार्मिक त्योहारों/अवसरों में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाते हैं। तीर्थयात्रा वीजा जारी करना पाकिस्तान सरकार की धार्मिक तीर्थस्थलों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने और अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की नीति के अनुरूप है।''

## भारत विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की मेजबानी करेगा, अगले साल होना है मुकाबला

नई दिल्ली। भारत अगले साल नवंबर में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की मेजबानी करने के लिए तैयार है जो अलग हुई विश्व मुक्केबाजी (डब्ल्यूबी) संस्था के प्रति उसके समर्थन की पुष्टि करता है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) इसके साथ ही तीसरी विश्व मुक्केबाजी कांग्रेस की भी मेजबानी करेगा, जिसमें अध्यक्ष पद और कार्यकारी बोर्ड के चुनाव होंगे।



इस साल की शुरुआत में नए शासी निकाय में शामिल होने का विकल्प चुनने के बाद यह टूर्नामेंट बीएफआई की मेजबानी में पहला अंतरराष्ट्रीय आयोजन होगा। पिछली बार बीएफआई ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी की थी।

बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''ऐसे प्रतिष्ठित आयोजनों की मेजबानी के लिए विश्व मुक्केबाजी द्वारा मान्यता मिलना भारत के लिए गर्व की बात है। यह भारत की संगठनात्मक उत्कृष्टता को दर्शाने के साथ मुक्केबाजी को ओलंपिक का हिस्सा बनाये रखने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।''

सिंह ने कहा, ''हम खेल की विरासत में योगदान देकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं और 2025 में भारत में वैश्विक मुक्केबाजी समुदाय का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।'' इस टूर्नामेंट की तारीखों की घोषणा जनवरी में होगी। साल का पहला विश्व मुक्केबाजी कप मार्च में ब्राजील में आयोजित किया जाएगा, इसके बाद जर्मनी, कजाकिस्तान और भारत में प्रतियोगिताएं होंगी।

विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, ''2024 में हमारी पहली विश्व मुक्केबाजी कप सीरीज की भारी सफलता के बाद यह देखना शानदार है कि हमारे पास 2025 में प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए चार मजबूत दावेदार हैं। मैं समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए ब्राजील, जर्मनी, कजाकिस्तान और भारत के राष्ट्रीय महासंघों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।''

# प्रथम पेज का शेष

**0 आंबेडकर के खिलाफ़ कभी नहीं बोलता....**

आप को भारत रत्न दिए हैं। 1955 में नेहरू जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया, 1971 में इंदिरा जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया। लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न 1990 में तब मिला जब कांग्रेस सत्ता में नहीं थी और भाजपा के समर्थन वाली सरकार थी। 1990 तक कांग्रेस बाबा साहेब को भारत रत्न न मिले, इसके लिए प्रयास करती रही। यहां तक कि बाबा साहेब की 100वीं जयंती को मनाने की मनाही कर दी गई।

यह बयान मंगलवार को संसद में अमित शाह की उस टिप्पणी पर उठे विवाद के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था, अभी एक फैशन हो गया है - आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान पर विपक्षी सांसदों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और आज संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की।

**0 दिल्ली में 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का होगा....**

बुजुर्गों का ध्यान नहीं रखा जाता है। लेकिन, चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि उनका यह बेटा अभी जीवित है। रामायण में जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए थे तो हनुमान जी उनके लिए संजीवनी लेकर आए थे।

**भेदभाव या कोई शर्त नहीं होगी**

केजरीवाल ने कहा आम आदमी पार्टी दिल्ली में बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करेगी। 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को इसका लाभ मिलेगा। इसमें किसी तरह का भेदभाव या कोई शर्त नहीं होगा। प्रत्येक आय वर्ग के लोगों को यह सुविधा मिलेगी। उपचार में खर्च की भी कोई सीमा नहीं होगी। उपचार सरकारी अस्पताल में हो या निजी अस्पताल में पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

**चुनाव से पहले शुरू कर दिया जाएगा पंजीकरण**

योजना चुनाव के बाद लागू होगी, लेकिन पंजीकरण शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए बुजुर्गों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुजुर्गों का पंजीकरण कर उन्हें कार्ड देंगे।

**महिलाओं के लिए भी किया था बड़ा एलान**

इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की सभी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की थी। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद दिल्ली की हर महिला के खाते में 2100 रुपये भेजे जाएंगे।

**0 आंबेडकर मुद्दे पर पीएम मोदी का पलटवार....**

नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ. आंबेडकर की विरासत को मिटाने के लिए और एससी/एसटी समुदायों का अपमान करने के लिए हर संभव डर्टी ट्रिक का इस्तेमाल किया।'

**पीएम मोदी ने कांग्रेस की आंबडेकर पर किए गुनाहों की लिस्ट गिनाई**

पीएम मोदी ने कथित तौर पर आंबेडकर के प्रति किए गए कांग्रेस के गुनाहों की लिस्ट भी गिनाई। उन्होंने अगले पोस्ट में लिखा, 'डॉक्टर आंबेडकर को लेकर कांग्रेस के किए गए पापों में ये शामिल हैं- उनको चुनाव में हरवाना, एक बार नहीं, दो बार। पंडित नेहरू का उनके खिलाफ चुनाव प्रचार करना और अपने नुकसान को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना। उन्हें भारत रत्न नहीं देना। संसद के सेंट्रल हॉल में उनके पोर्ट्रेट को जगह नहीं देना।'

पीएम मोदी ने आगे लिखा, 'कांग्रेस जो चाहती है, कोशिश कर सकती है लेकिन वे इससे इनकार नहीं कर सकते कि एससी/एसटी समुदायों के सबसे भीषण नरसंहार उनकी ही सरकारों के दौर में हुआ था। वर्षों तक वे सत्ता में बैठे रहे लेकिन एससी और एसटी समुदायों के सशक्तीकरण के लिए कुछ भी ठोस नहीं किया।'

पीएम ने एक्स पर अपने थ्रेड के अगले पोस्ट में राज्यसभा में अमित शाह के उसी भाषण का एक लंबा क्लिप भी शेयर किया है। कांग्रेस इस वाले हिस्से से ठीक पहले के वाक्य को मुद्दा बनाकर हंगामा कर रही है। मोदी ने लिखा, 'संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने आंबेडकर के अपमान और एससी-एसी समुदायों की उपेक्षा के कांग्रेस के काले इतिहास को उधेड़ दिया। उन्होंने जो फैक्ट पेश किए उससे वे साफ तौर पर सन्न रह गए, इसीलिए अब वे नौटंकी में लग गए हैं! लेकिन उनके लिए दुख की बात है, जनता सच जानती है!'

पीएम मोदी ने आगे लिखा, 'हम जो कुछ भी हैं, डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर की वजह से ही हैं। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से हमारी सरकार डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए बिना थके काम कर रही है। किसी भी सेक्टर को ले लीजिए- चाहे 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की बात हो, एससी/एसटी ऐक्ट को मजबूती की बात हो, स्वच्छ भारत जैसे हमारी सरकार के फ्लैगशिप प्रोग्राम की बात हो, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और अन्य योजनाएं हों, इनमें से प्रत्येक ने गरीब और हाशिए पर पड़े लोगों की जिंदगियों को छुआ है।'

प्रधानमंत्री ने अगले पोस्ट में लिखा, 'हमारी सरकार ने पंचतीर्थ को विकसित करने का काम किया है, जिनमें डॉक्टर आंबेडकर से जुड़े 5 ऐतिहासिक जगह हैं। दशकों तक चैत्य भूमि में जमीन का मुद्दा अटका पड़ा था। हमारी सरकार ने न सिर्फ उसे हल किया बल्कि मैं वहां प्रार्थना करने भी गया था। हमने दिल्ली के 26 अलीपुर रोड को भी विकसित किया जहां डॉक्टर आंबेडकर ने अपने आखिरी वर्ष गुजारे थे। लंदन में वह जिस घर में रहे, सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया। जब डॉक्टर आंबेडकर की बात आती है तो उनके प्रति हमारा सम्मान, आदर संपूर्ण है।'

**0 रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाई- पुतिन सरकार....**

क्योंकि कैंसर मरीज को इलाज के दौरान दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

कैंसर वैक्सीन की खास बात यह है कि यह कभी कैंसर होने से पहले नहीं दी जाती है, बल्कि यह उन लोगों को दी जाती है जिन्हें कैंसर ट्यूमर है। यह वैक्सीन हमारे इम्यून सिस्टम को यह पहचानने में मदद करती है कि कैंसर सेल्स कैसी दिखती है।

**कैंसर वैक्सीन बनाना मुश्किल क्यों?**

कैंसर सेल्स ऐसे मॉलिक्यूल से बनते हैं जो इम्यून सेल्स को दबा देते हैं। अगर कोई वैक्सीन इम्यून सेल्स को एक्टिव कर भी दे तो हो सकता है वो इम्यून सेल्स ट्यूमर के अंदर प्रवेश न कर पाए। कैंसर सेल्स सामान्य सेल्स की तरह ही होती हैं और इस वजह से इम्यून सिस्टम को यह उतनी खतरनाक नहीं लगतीं। इससे इम्यून सिस्टम के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि किस पर हमला करना है।

अगर कैंसर का एंटीजन सामान्य और असामान्य सेल्स दोनों पर मौजूद होता है तो वैक्सीन दोनों पर हमला करना शुरू कर देती है। इससे शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है। कई बार कैंसर ट्यूमर इतना ज्यादा बड़ा होता है कि इम्यून सिस्टम उससे लड़ नहीं पाता है। कुछ लोगों का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर होता है, इस वजह से कई लोग वैक्सीन लगने के बाद भी रिकवर नहीं कर पाते हैं।

**भारत में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को कैंसर**

भारत में 2022 में कैंसर के 14.13 लाख नए केस सामने आए थे। इनमें 7.22 लाख महिलाओं में, जबकि 6.91 लाख पुरुषों में कैंसर पाया गया। 2022 में 9.16 लाख मरीजों की कैंसर से मौत हुई।

**5 साल में भारत में 12 प्रतिशत की दर से कैंसर मरीज बढ़ेंगे**

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) का आंकलन है कि 5 साल में देश में 12 प्रतिशत की दर से कैंसर मरीज बढ़ेंगे, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती कम उम्र में कैंसर का शिकार होने की है। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार, कम उम्र में कैंसर की सबसे बड़ी वजहों में हमारी लाइफस्टाइल है।

ग्लोबल कैंसर ऑब्जरवेटरी के आंकडों के अनुसार, 50 साल की उम्र से पहले ब्रेस्ट, प्रोस्टेट और थायरॉइड कैंसर सबसे ज्यादा हो रहे हैं। भारत में ब्रेस्ट, मुंह, गर्भाशय और फेफड़ों के कैंसर के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं।

**0 किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं : सुको....**

कुछ भी नहीं होने दे सकते। पीठ ने कहा कि वह सभी हितधारकों को यह समझाने की कोशिश करेगी कि कुछ किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को करेगी।

पीठ ने अदालत द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति से 13 दिसंबर को कहा था कि वह प्रदर्शनकारी किसानों से बात करे और उन्हें अपना विरोध अस्थायी रूप से स्थगित करने या पंजाब-हरियाणा सीमा पर राजमार्ग से इसे स्थानांतरित करने के लिए राजी करे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसानों को विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है, जिसे 'गांधीवादी दर्शन' की तर्ज पर शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकता है। पीठ ने तब केंद्र और पंजाब सरकार दोनों के प्रतिनिधियों को श्री दल्लेवाल से तत्काल मिलने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने और उन्हें हड़ताल समाप्त करने के लिए मनाने का निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, आरटीआई के दायरे में रहेगा मनरेगा लोकपाल, देनी होगी जानकारी...



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में मनरेगा लोकपाल को आरटीआई के दायरे में ला दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीडी गुरु ने जगदलपुर जिला पंचायत मनरेगा लोकपाल व जनसूचना अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें याचिकाकर्ता ने खुद को न्यायालय बताते हुए आरटीआई के दायरे से बाहर बताया था। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता लोकपाल के दावे के साथ ही याचिका को भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने राज्य सूचना आयुक्त के उस आदेश को सही ठहराया है, जिसमें राज्य सूचना आयुक्त ने लोकपाल को आवेदनकर्ता बीरबल रात्रे को आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। लोकपाल व जन सूचना अधिकारी ने राज्य सूचना आयुक्त के इस फैसले को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दायर याचिका में कहा कि वह न्यायालय के कार्य का निर्वहन कर रहा है और न्यायालय होने के नाते याचिकाकर्ता बीरबल रात्रे के द्वारा आरटीआई अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। उन्होंने आरटीआई की धारा 8 का हवाला दिया और कहा कि आरटीआई अधिनियम की धारा 8 भी प्रत्ययी संबंध में किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त जानकारी के प्रकटीकरण से छूट प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि आरटीआई अधिनियम की धारा 8 की धारा (एच) उन सूचनाओं के प्रकटीकरण से छूट प्रदान करती है जो जांच की प्रक्रिया या अपराधियों के अभियोजन की आशंका को बाधित करती हैं। याचिकाकर्ता लोकपाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एवं लोक सूचना अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयुक्त द्वारा पारित आदेश 30.08.2016 पर प्रश्न उठाया गया है, जिसके द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयुक्त ने याचिकाकर्ता को बीरबल रात्रे ग्राम पंचायत राजनगर जिला बस्तर द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### इसलिए हुआ विवाद

बीरबल रात्रे ने 19.08.2015 को सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक आवेदन प्रस्तुत किया और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत जगदलपुर (छ.ग.) से 1 जनवरी 2015 से आज तक लोकपाल के समक्ष दायर सभी शिकायतों की प्रति, सभी जांच रिपोर्टों, नोटशीट्स और लोकपाल द्वारा जांच के दौरान दर्ज किए गए बयानों की प्रतियों के बारे में जानकारी मांगी, जिसमें जांच पूरी हो गई है। उक्त आवेदन के अनुसरण में जिला पंचायत सीईओ जगदलपुर ने उक्त आवेदन को 24.08.2015 द्वारा याचिकाकर्ता को अग्रेषित किया। 24.08.2015 को ज्ञापन प्राप्त होने पर याचिकाकर्ता ने इसका उत्तर देते हुए कहा कि मनरेगा अधिनियम के प्रावधानों के तहत वह अपने पास मौजूद सभी सूचनाओं को गुप्त रखने के लिए बाध्य है और किसी भी व्यक्ति को इसका खुलासा नहीं कर सकता। यह भी उत्तर दिया गया कि आरटीआई अधिनियम की धारा 8 के प्रावधानों ने ऐसी सूचनाओं को आरटीआई के तहत किसी को भी बताने से छूट दी है।

### पहली और दूसरी दोनों अपील में राज्य सूचना आयुक्त ने दिया निर्देश

जब सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई, तब बीरबल रात्रे ने सीईओ जिला पंचायत जगदलपुर के समक्ष अपील दायर की, लेकिन जब उक्त अपील पर निर्णय नहीं हुआ, तब उसने राज्य सूचना आयुक्त के समक्ष दूसरी अपील दायर की। आवेदन पर सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने 19.08.2015 के आदेश के तहत जनसूचना अधिकारी जगदलपुर महेंद्र महावर को बीरबल रात्रे द्वारा मांगी गई सूचना 30 दिनों की अवधि के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### मनरेगा अधिनियम के तहत लोकपाल की स्थापना

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि 'एमजीएनआरईजी अधिनियम' की धारा 27 में प्रावधान है कि यदि 'एमजीएनआरईजी अधिनियम' के तहत दी गई निधि के अनुचित उपयोग के बारे में कोई शिकायत प्राप्त होने पर, यदि केंद्र सरकार संतुष्ट है कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है तो वह अपने द्वारा नामित एजेंसी द्वारा जांच करवाएगी। लोकपाल की स्थापना 'मनरेगा अधिनियम' के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य 'मनरेगा अधिनियम' के कार्यान्वयन से संबंधित शिकायतों के निवारण और निपटान के लिए एक प्रणाली की स्थापना करना है और यह वैधानिक प्रकृति का है। इसलिए जिस आदेश के तहत याचिकाकर्ता को आवेदनकर्ता बीरबल रात्रे को सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, वह पूरी तरह से अवैध है और अधिनियम 2005 के विपरीत है।

### सूचना आयुक्त ने कहा,उनके द्वारा पारित आदेश उचित

सूचना आयुक्त के अधिवक्ता ने कहा कि लोकपाल को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार का नोडल विभाग इस उद्देश्य के लिए लोक सूचना अधिकारी और अपीलीय प्राधिकरण को अधिसूचित करेगा। राज्य सूचना आयुक्त द्वारा पारित आदेश उचित और न्यायसंगत है।

### आरटीआई के तहत लोकपाल को देनी होगी जानकारी

क्या लोकपाल अधिनियम आरटीआई अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आएगा, लोकपाल पर निर्देशों के प्रासंगिक भाग को उद्धृत करना उचित होगा, जिसे एमजीएनआरईजी अधिनियम की धारा 27 के तहत तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य एमजीएनआरईजी अधिनियम और राज्यों द्वारा अधिनियम के तहत बनाई गई योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित शिकायतों के निवारण और निपटान के लिए एक प्रणाली स्थापित करना है।

### लोकपाल के अधिकार और कर्तव्य

लोकपाल को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कवर किया जाएगा, राज्य सरकार का नोडल विभाग इस प्रयोजन के लिए लोक सूचना अधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा।

निर्देश में प्रावधान है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के लोकपाल अधिनियम, 2005 के अधीन होंगे और कोई भी लोकपाल की कार्यवाही या अधिनियम के बारे में जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना चाहने वाले को प्रदान की जा सकती है। एक बार जब विशेष अधिनियम 2005 यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 में अधिनियम, 2005 के तहत लोकपाल शामिल हो जाता है तो सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान की जानी चाहिए।

### हाईकोर्ट ने याचिका किया खारिज

जहां तक याचिकाकर्ता का यह तर्क है कि उसे आरटीआई अधिनियम की धारा 8 से छूट प्राप्त है, सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 के अवलोकन से, यह लोकपाल के अधिनियम के लिए कोई छूट निर्धारित नहीं करता है और लोकपाल/याचिकाकर्ता के पास मौजूद जानकारी को बिल्कुल भी छूट नहीं है। इसलिए, सूचना आयुक्त ने याचिकाकर्ता जनसूचना अधिकारी को आवेदनकर्ता बीरबल रात्रे द्वारा मांगी गई जानकारी प्रदान करने का सही निर्देश दिया।

# छत्तीसगढ़ लोधी समाज ने प्रथम जनगणना सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज ने रविवार 15 दिसंबर को अपने पहले जनगणना सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ मुंगेली जिला के पथरिया में कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया। इस पहल का उद्देश्य समाज की मौजूदा स्थिति का आकलन करना और विकास की नई योजनाओं को ठोस रूप देना है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा, यह जनगणना अभियान हमारे समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इससे न केवल हमारे समाज की जनसंख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता चलेगा, बल्कि यह भी स्पष्ट होगा कि समाज के किन वर्गों को विशेष सहायता और ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाया जाए।विष्णु लोधी ने आगे कहा, यह पहल हमारी एकता और संगठित प्रयासों का प्रतीक है। हर समाजबंधु की भागीदारी और सहयोग से यह कार्य सफल होगा। इस जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर हम समाज के उत्थान और समृद्धि के लिए ठोस कदम उठा पाएंगे।विष्णु लोधी ने समाज के सभी सदस्यों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आग्रह करते हुए कहा, ÷यह केवल आंकड़े इकट्ठा करने का कार्य नहीं है, बल्कि हमारे समाज के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हम सब मिलकर इसे सफल बनाएंगे।हमारी एकता और संगठन ही हमारी ताकत है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव साबित होगी। घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज ने कहा कि यह प्रदेश स्तर की जातिगत जनगणना प्रथम बार होगी। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले हमारे सभी समाजिक बंधुजनों को लाभ मिलेगा। खास तौर से युवाओं के व्यवसाय, नौकरी एवं वैवाहिक आदि क्षेत्र में लाभ होगा। प्रदेश अंकेक्षक विमल पटेल ने कहा कि यह दूरगामी परिणाम होगा। सुरेश सिंगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ ने कहा की हम सभी साथियों युवा जिला अध्यक्ष गण सहित पूरे टीम ने हमारे प्रदेश लोधी समाज के माननीय प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा व संगठन के द्वारा दिए गए कार्य को दृढ़ संकल्पित होकर छत्तीसगढ़ में जनगणना के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करना है। क्योंकि यह जनगणना हमारे समाज के लिए एक प्रदेश लोधी समाज छत्तीसगढ़ के लिए अच्छे दिशा और दशा तय करेंगे।जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल द्वारा बताया गया कि हमारे रायपुर जिला में 7 सर्किल हैं, सभी मेरे जिला के सर्किल पदाधिकारी समय सीमा में पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधु जनों को प्रदेश पदाधिकारी द्वारा उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बिलासपुर जिला अध्यक्ष यमुना प्रसाद वर्मा ने कहा कि हमारे जिले का जनगणना कार्य सबसे पहले होगा। प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार सिंगौर ने कहा कि प्रदेश के लोधी बाहुल्य जिले को छोड़कर कम संख्या में निवासरत जिला जैसे महासमुंद, जगदलपुर, बलौदा बाजार व अन्य स्थानों में रहने वाले सामाजिक सदस्य को भी इस जनगणना सर्वे में शामिल होना है। श्री सिंगौर ने निर्धारित प्रपत्र 1,2 एवं 3 पर व्याख्यान दिया तथा उपस्थित सदस्यों व्दारा पूछे गये प्रश्नों व संशय को दूर किया तथा किसी भी प्रकार के समस्या हो तो सर्वे कार्य हेतु बनाये गये, प्रभारी पदाधिकारियों व सदस्यों से संपर्क करने कहा। युवा जिला अध्यक्ष बेमेतरा मुकछूंद वर्मा ने कहा की प्रदेश द्वारा दी गई समयावधि में जनगणना सर्वे का कार्य निश्चित रूप से करेंगे पूर्ण करेंगे। युवा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश राजपूत ने कहा कि हमारे टीम जल्द से जल्द इस पुनीत कार्य को संपन्न करेगी। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का आभार प्रेम प्रकाश राजपूत युवा जिला अध्यक्ष मुंगेली व्दारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती जागेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य, शीतल वर्मा जिला अध्यक्ष मुंगेली, ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र राजपूत युवा प्रदेश उपाध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ मदन वर्मा, भूपेंद्र राजपूत विश्राम वर्मा के साथ-साथ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के विभिन्न पदाधिकारी, युवा वर्ग, महिला मंडल और समाजसेवी उपस्थित थे। सभी ने इस प्रयास को एक नई शुरुआत बताते हुए अपना समर्थन दिया। सामाजिक जनगणना सर्वे सर्वप्रथम सर्वेक्षण कर्ता नान्हु लोधी ग्राम डाका चाका जिला मुंगेली द्वारा जोड़ा गया जिसमें रामगोपाल सिंह लोधी एवं जय प्रकाश लोधी के परिवार से शुभारंभ हुआ सर्वे सूची में हिन्दी बाई, चंद्रभान सिंह, बार कांति लोधी, निखिल सिंह लोधी, धारणा लोधी इन सभी का छत्तीसगढ़ लोधी समाज जनगणना सर्वे सूची में नाम दर्ज हुआ।



**समाज की प्रगति के लिए ऐतिहासिक पहल - विष्णु लोधी कोषाध्यक्ष**

# विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 6 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम सिवनीखुर्द में भुनेश्वर यादव गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 75 हजार रूपए, ग्राम सिवनीखुर्द में शिव मंदिर के पास चबूतरा में टाईल्स कार्य के लिए 25 हजार रूपए, ग्राम तुमड़ीबोड़ में तालाब के पास टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 75 हजार रूपए, ग्राम कोटरासरार में कबड्डी मैदान में शेड निर्माण के लिए 1 लाख 10 हजार रूपए, ग्राम रूदगांव में शीतला मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम अर्जुनी में दुर्गा मंदिर के पास सामुदायिक भवन में टाईल्स कार्य के लिए 40 हजार रूपए, ग्राम अर्जुनी में मंडलघाट माता तालाब अर्जुनी के मंच में टाईल्स के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम अडाम में मंच के पास शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बिल्हरी में कबड्डी मेट के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# कलेक्टर ने फाइलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधि के संबंध ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 10 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला अंतर-विभागीय टास्क समिति की बैठक ली।

कलेक्टर ने लिम्फेटिक फाइलेरिया एवं हाइड्रोसिल प्रकरण, फाईलेरिया रात्रिकालीन सर्वे की स्थिति, फाइलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिलेवासियों से घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करने की अपील की है। दवा खाने से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मदद करें। फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 10 से 14 फरवरी 2025 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर एवं 15 से 25 फरवरी 2025 तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर तथा 26 से 28 फरवरी 2025 तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी 2025 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाली पेट नहीं खाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदाय किए गए वीडियो को विभाग के सभी व्हाट्सअप, टेलीग्राम में साझा किया किया गया है। जिससे फाईलेरिया दवा सेवन के संबंध में लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, सीएसपी श्री पुष्पेन्द्र नाग, एसडीओपी श्री अभिषेक अग्रवाल, डीपीओ श्रीमती गुरप्रीत कौर, सिविल सर्जन डॉ आर एस चंद्रवंशी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा,सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में प्रतिभा खोज निबंध प्रतियोगिता 22 को

खैरागढ़ (दावा)। साहित्य वाचस्पति डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की स्मृति में जिला प्रशासन केसीजी के विशेष सहयोग व प्रोत्साहन से शांतिदूत संस्था द्वारा प्रतिभा खोज निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र का हिन्दी साहित्य में योगदान विषय पर आगामी रविवार 22 दिसंबर को खैरागढ़ के डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक निबंध लेखन प्रतियोगिता होगी। जिलेभर के समस्त शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में शामिल होने आमंत्रण दिया गया है जिसके लिये 21 दिसंबर तक संस्थागत पंजीयन किया जा सकता है वहीं विशेष परिस्थिति में अपने वैध परिचय पत्र के साथ प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व जिले के छात्र सीधे प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थी हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषा में निबंध लेखन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये शांतिदूत संस्था द्वारा हेल्पलाईन नंबर 9303137073, 6232299573 एवं 9424111414 जारी किया गया है।

### प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर वर्ग में संपन्न होगी प्रतियोगिता

प्रतिभा खोज निबंध प्रतियोगिता को 3 वर्गो में विभाजित किया गया है जिसमें छात्र-छात्राएं निःशुल्क भाग ले सकते हैं। प्राथमिक वर्ग में कक्षा 6वीं से 9वीं तक, माध्यमिक वर्ग में कक्षा 10वीं से 12वीं तक तथा उच्चतर वर्ग में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत केसीजी जिले के छात्र-छात्रा सम्मिलित हो सकते हैं। निबंध लेखन के लिये न्यूनतम 300 शब्दों से लेकर अधिकतम 1000 शब्दों में लेखन किया जा सकता है। निबंध लेखन के लिये अधिकतम 2 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। निबंध लेखन के समय किसी भी तरह की नकल सामग्री व डिजिटल नोट्स एवं मोबाईल फोन आदि आधुनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे।

**जिला प्रशासन केसीजी के विशेष सहयोग से शांतिदूत संस्था कर रही आयोजन**

### विजयी प्रतिभागियों को 5001, 4001 व 3001 रूपये मिलेगा पारितोषक

प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को अलग-अलग राशि पारितोषक के रूप में दी जायेगी साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जायेगा। उच्चतर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय पुरस्कार 4001 व तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये एवं माध्यमिक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4001, द्वितीय पुरस्कार 3001 व तृतीय 2001 तथा प्राथमिक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय पुरस्कार 2001 व तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये अतिथियों द्वारा प्रदान किया जायेगा, साथ ही दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार स्व.प्राकृत शरण सिंह की स्मृति में भागवत शरण सिंह द्वारा समस्त विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया जायेगा। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को शांतिदूत संस्था द्वारा उत्साहवर्धन के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

# 22 से श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर वार्ड नं 43 बंगाली चाल में 22 दिसंबर से सात दिवसीय भव्य श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। वार्ड की महिला मंडल व यूवा समूह द्वारा आयोजित इस ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथावाचक शिवनारायण त्रिपाठी महराज जी है। उक्त सात दिवसीय आयोजन के संरक्षक युवा भाजपा नेता मोनू बहादुर ने बताया कि मांघ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी दिन बुधवार 22 दिसंबर की सुबह कार्यक्रम स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात उक्त स्थल पर देवी-देवताओं का आह्वान व कथा वाचक द्वारा गोकर्ण उपाख्यान एवं भगवती-नारद का संवाद सुनाया जाएगा। इसके अगले दिन से क्रमवार श्रीमद भागवत महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम के आयोजनकर्ता श्रीमती मधुरानी पाल, सुश्री नीता यादव, श्रीमती अनामिका चौबे सहित युवा समुह के लोगों ने उक्त कार्यक्रम का लाभ लेने के लिए अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# संस्कारधानी का मान बढ़ाया शिल्पकार मनोज कुमार सोनी ने

राजनांदगांव (दावा)। एक कलाकार में सृजन की अद्भुत क्षमता होती है। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव से 10 किलोमीटर दूर स्थित रामपुर गांव कला के प्रति समर्पित एक शख्सियत के लिए मशहूर है। इस छोटे से गांव में शिल्पकार मनोज कुमार सोनी रहते हैं, जिनका काम छेनी और हथौड़े की मदद से पत्थरों को नया आकार देना है। यह एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो हमारे दिलों को छूती है और हमारे सपनों को सजीव बनाती है।



गौरतलब है कि मनोज की कला सिर्फ मूर्तियां बनाने तक सीमित नहीं है। उनका मानना है कि पत्थर में पहले से ही मूर्ति मौजूद होती है, बस उसे सही दिशा देकर बाहर लाने की जरूरत होती है। उनकी यही सोच हमें जीवन में आने वाली हर मुश्किल को एक अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित करती है। आज उनके हाथों से बनी मूर्तियां आसपास के जिलों और राज्यों तक पहुंच रही हैं।

गांव के लोगों का कहना है कि मनोज ने रामपुर की पहचान बदल दी है। जहां पहले यह एक साधारण गांव था, वहीं अब यह कला का एक केंद्र बन गया है। उन्होंने साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद अगर हिम्मत और मेहनत हो, तो कुछ भी असंभव नहीं। साधारण औजारों से भी असाधारण कार्य किए जा सकते हैं। सफलता के लिए बड़ा साधन नहीं, बल्कि बड़ा जज़्बा चाहिए। उनकी कला पत्थर से निकलकर हमारे जीवन को नई प्रेरणा देती है।

शिल्पकार मनोज सोनी कहते हैं कि एक कलाकार की कला एक प्रेरणा है जो हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है।यह जीवन को एक नया अर्थ प्रदान करती है और आसपास की दुनिया को एक नया रूप देने के लिए प्रोत्साहित करती है। कला एक ऐसी भाषा है जो शब्दों से परे है।

# सहायक प्राध्यापक ठाकुर के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**डोंगरगढ़(दावा)। सरल एवं मृदुभाषी सहायक प्राध्यापक टी. एल. ठाकुर का 65 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय परिवार ने विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रो. टी. ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया साथ ही 'अरपा पैरी के धार' राजकीय गीत का गायन किया गया।**



**छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया**

छात्रों द्वारा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिन्हा ने प्रो. ठाकुर को पुष्प गुच्छ, नारियल एवं साल भेंटकर अभिनंदन किया। डॉ. एम.के. रंगारी ने कहा कि सरल स्वभाव के धनी ठाकुर सर का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने हर काम को बिना व्यवधान के सम्पन्न किया. डॉ संगीता रंगारी ने उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। छात्रों के द्वारा भी स्मृति चिन्ह भेट किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच का सफल संचालन वोमेशवरानन्द ने किया। इस अवसर पर सी.लिखार, कुलेश मंडावी, जितेंद्र वर्मा, महेश दास साहू, अलख एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक तथा अन्य प्रतियोगिताओं से लोगों को किया एड्स के प्रति जागरूक



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में दिनांक 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक एड्स पखवाड़ा मनाया गया, जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम 1 दिसंबर को रैली तथा उन्मुखीकरण कार्यक्रम से प्रारंभ किया गया। जिसमें नागेश्वर मुंजारे आईटी प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा विशेष शिविर ग्राम सालिकझिटिया में छात्राओं तथा ग्रामीणों को एड्स की विस्तृत जानकारी दी गई।

दिनांक 6 दिसंबर को स्लोगन प्रतियोगिता, दिनांक 7 दिसंबर को निबंध प्रतियोगिता, 12 दिसंबर को नुक्कड़ नाटक महाविद्यालय के ओपन स्टेज तत्पश्चात् विवेकानंद चौक राजनांदगांव में प्रस्तुति दी गई। जिसे नागरिकों द्वारा सराहा गया। दिनांक 13 दिसंबर को रंगोली प्रतियोगिता एवं अंत में पोस्टर प्रतियोगिता से एड्स पखवाड़ा का समापन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कु. दिव्या साहू प्रथम, कु. गोपेश्वरी द्वितीय तथा कु. हिमानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कु. मधु साहू तथा कु. दिव्या साहू ने प्रथम कु. हिमानी द्वितीय तथा कु. गोपेश्वरी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में कु. गोपेश्वरी प्रथम, कु. कल्याणी द्वितीय एवं वंदना मंडावी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में कु. वंदना प्रथम, कु. कल्याणी साहू द्वितीय एवं कु. शीतल ठलाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति में जिन छात्राओं ने भाग लिया जिनके नाम इस प्रकार है- कु. डॉली कोमा, पदमा साहू, किरती साहू, लक्ष्मी साहू, रितु कोला, वंदना मंडावी, कल्याणी ठाकुर, हिमानी साहू, रेशमी साहू, गोपेश्वरी साहू, रविना एवं बबिता शामिल थी।

संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा रेड रिबन प्रभारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा के निर्देशन में संपन्न हुए। उमेश पनारिया संगीत शिक्षक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में चयनित छात्राओं को 20 दिसंबर 2024 को पुरस्कृत किया जाएगा।

# गुरू घासीदास बाबा के संदेश एवं विचार मार्गदर्शक व प्रेरक –विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**गुरू घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शांति, विकास एवं सौहार्द्र की बताये गई राह पर हम सभी को चलने की आवश्यकता**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पेण्ड्री वार्ड क्रमांक 20 में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती एवं नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने 37 लाख 85 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन का लोकार्पण किया और उन्होंने भवन का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में मंच निर्माण एवं किचन शेड के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को गुरू घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। गुरू घासीदास बाबा के बताए रास्ते पर चलकर समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी को मांस-मदिरा का सेवन नहीं करने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शांति एवं अहिंसा के पथ पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने गांव-गांव में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्य किया। सत्य ही धर्म है, और धर्म ही सत्य है तथा मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मानव एक समान है। सभी के खून का रंग लाल है। सभी एक-दूसरे के साथ समानता का व्यवहार करें। गुरू घासीदास बाबा का जन्म स्थान गिरौदपुरी एक चमत्कारी स्थान है, जहां उन्होंने तप किया एवं उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए गुरू घासीदास बाबा के सम्मान में कुतुबमिनार से भी ऊंचे जैतखाम के निर्माण के लिए कार्य करने का सौभाग्य मिला। हम



**नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में मंच निर्माण एवं किचन शेड के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की**

सभी पर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। छत्तीसगढ़ शांति, विकास एवं सौहार्द्र के साथ आगे बढ़ रहा है। उनकी बताई गई राह मार्गदर्शक एवं प्रेरक है तथा पूरी दुनिया के लिए उदाहरण है। गुरू घासीदास बाबा ने जो सद्मार्ग बताया है, उस पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा ने हमें जो मार्ग बताया है, उस पर हम सभी को चलना है। उन्होंने जो संदेश एवं विचार बताए हैं, वह सभी समाज के लिए हितकारी है। 200 वर्ष पहले उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ आंदोलन चलाया था। आज हम सभी मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें नारी उत्थान की चिंता थी। उनकी दूरगामी सोच के कारण समाज में कुरीतियां दूर हुई। उन्होंने कहा कि पेण्ड्री के विकास के लिए आवश्यक कार्य प्राथमिकता से मिलकर सभी करेंगे। अध्यक्ष सतनामी सेवा समिति पेण्ड्री श्री परस लहरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष प्रदेश की उन्नति के लिए कार्य करते रहे हैं। सभी के अथक प्रयासों से यह सतनाम मंगल भवन बना है। इसके लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बालिकाओं के दल ने ऊर्जा, जोश एवं जुनून से भरपूर पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। ढोल एवं मंजीरे के साथ सिमरन करे बार-बार... जैसे गीत और पंथी नृत्य की लयबद्ध प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किशुन यदु, रमेश पटेल, पंकज बांधव, शिव वर्मा, राजा माखिजा, धनेश पाटिला, सूर्य कुमार खिलाड़ी, डॉ. प्रकाश खुटे, पार्थ गेंडरे, गगन आईच, पार्षद शकीला बेगम, श्रीमती पिंकी साहू, जिला सतनामी समिति राजनांदगांव के युवराज दास ढिरहरे, सतनामी सेवा समिति के दयालु खरे, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी तथा सतनामी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पद्मश्री तीजन बाई का जाना हाल, दिया पांच लाख रुपये का चेक



दुर्ग (दावा)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भिलाई पहुंचे। उन्होंने पद्मश्री पंडवानी गायिका तीजन बाई से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें 5 लाख का चेक सौंपा और कहा कि मुख्यमंत्री ने आपका हाल-चाल जानने के लिए भेजा। आपको स्वास्थ्य विभाग की ओर से कभी कोई तकलीफ नहीं होगी। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, डोमन लाल कारसेवाडा भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से पंडवानी गायिका पद्मश्री तीजन बाई का स्वास्थ्य खराब है। बताया जा रहा है कि उन्हें पेंशन भी नहीं मिल रही है। स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी खराब होती जा रही है। परिजन उनका इलाज कराने के लिए काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उनका कहना है कि, अगर सरकार से मदद नहीं मिली तो उनका इलाज कराना मुश्किल हो जाएगा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन बाई को सौंपा 5 लाख का चेक

आर्थिक समस्या से जूझ रही छत्तीसगढ़ की शान पंडवानी गायिका तीजन बाई ने अपनी कला के लिए तीनों पद्म पुरस्कार हासिल किए लेकिन अब वे अपनी पेंशन के लिए जूझ रही हैं। 2023 में उनके छोटे बेटे का निधन हो गया, जिसके बाद से पैरालिसिस ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। तभी से वह बिस्तर पर हैं। पिछले 8 महीनों से तीजन बाई की पेंशन लंबित है। पेंशन पाने के लिए उनके बेटे दर-दर भटक रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सभी प्रसिद्ध कलाकार राज्य सांस्कृतिक विभाग द्वारा 2000 रुपये की मासिक पेंशन और चिकित्सा व्यय के लिए 25000-50000 रुपये पाने के हकदार हैं।

### राजदूत के रूप में की कई देशों की यात्रा

पंडवानी में दुशासन वध के प्रसंग का पावरफुल प्रदर्शन सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। वहीं तीजन की लोकप्रियता छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी है। 1980 में सांस्कृतिक राजदूत के रूप में तीजन बाई ने इंग्लैंड, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, टर्की, माल्टा, साइप्रस, रोमानिया और मॉरीशस की भी यात्रा की। उनकी कला के लिए मिले कई पुरस्कार मिले -1988 में पद्मश्री सम्मान, 1995 में संगीत नाटक अकादनी पुरस्कार, 2003 में कला के क्षेत्र में पद्म भूषण सम्मान, 2007 में नृत्य शिरोमणि सम्मान, 2019 में पद्म विभूषण सम्मान, 2017 में खैरागढ़ संगीत विवि से डी लिट की मानद उपाधि, अब तक उन्हें 4 डी लिट सम्मान मिले, जापान में उन्हें फुकोका पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**शीघ्र बेचना है**
स्टेशनपारा में बालाजी मंदिर के सामने स्थित दुमंजिला सर्वसुविधायुक्त मकान।
-: संपर्क करें :-
मो. – 9329989921
9131215551

## पूर्व पीएम देवगौड़ा ने आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की बात कही- चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने लोकसभा में पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने जो वक्तव्य दिया है जिसमें उन्होंने आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की बात कही है। मैं उसका समर्थन करता हूं एसटी-एससी वर्ग के जो अत्यंत गरीब लोग हैं, जो आरक्षण के बाद भी आज तक कोई लाभ नहीं उठा पाए हैं, ऐसे लोगों को आरक्षण का लाभ मिले इस पर सदन को विचार करना चाहिए। यदि सदन विचार करता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे लागू कर सकते हैं। पूर्व पीएम देवगौड़ा ने बहुत सामयिक बात सदन में कही है। आरक्षित वर्ग में जो लोग उच्च आर्थिक स्तर पर पहुंच गए हैं, वही लोग आज भी आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं, जिससे आरक्षित वर्ग के गरीब तबके आर्थिक स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। इसलिए एसटी एससी वर्ग में क्रीमी लेयर लागू करना बाबा साहब अंबेडकर एवं संविधान सभा के 299 सदस्य की मंशा का आदर होगा। पूर्व पीएम देवगौड़ा का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने बड़ी हिम्मत के साथ आर्थिक आधार पर आरक्षण देने का पक्ष रखा है यदि ऐसा होता है देश के आरक्षित वर्ग के गरीब तबके के लोगों के लिए यह एक संजीवनी का काम करेगा। देश के सभी दलों को देवगौड़ा के प्रस्ताव पर विचार करना चाहिए।

## पुलिस आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामला, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ की गई एफआईआर दर्ज



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया पूरे प्रदेश में चल रही है राजनांदगांव में भी 16 नवंबर से पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया जारी है वहीं राजनांदगांव में एक बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। जिसमें पुलिस ने एफआईआर दर्ज लालबाग थाने में की गई है, भर्ती प्रक्रिया में कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए गड़बड़ी की गई है जिसके बाद से पूरे मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

राजनांदगांव में पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया शहर के पेंड्री स्थित आठवीं बटालियन मैदान में की जा रही है जहां राजनांदगांव रेंज की भर्ती प्रक्रिया जारी है वहीं इस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इसके बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि 16 नवंबर से पूरे राज्य भर में आरक्षक भर्ती प्रक्रिया चल रही है इसमें राजनांदगांव रेंज की जो भर्ती है राजनांदगांव जिला में चल रही थी जिसमें जब हम लोगों ने डेटा देखा भर्ती के अलग-अलग दिनांक का हम लोगों ने उसमें पाया बहुत सारी एंट्री ऐसे है जो गलत तरीके से की गई है ऑपरेटर के द्वारा उदाहरण के तौर पर भर्ती प्रक्रिया में एक कैंडिडेट को एक अटेम्प्ट एलाउ है लेकिन जब हम लोगों डाटा चेक की सीसीटीवी देखा तो हम लोगों ने पाया कि अटेम्प्ट एक ही कराया जा रहा है लेकिन डाटा ऑपरेटर के द्वारा फर्जी तरीके से उसमें मल्टीप्ल एंट्री डाल दी गई है,जो की टाइमिंग टेक्नोलॉजी जो की हैदराबाद की कंपनी है, जिसको टेक्निकल असिस्टेंट के लिए यहां भेजा गया है,कंडक्ट कराने के लिए उसके ऑपरेटर के द्वारा यह किया गया है।

इसी को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने पूरा मास्टर डाटा कंपनी का निकला और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई चेकिंग में बड़े स्तर पर यह फ्रॉड मिला है उसी के बेस पर डीएसपी आजाक जो गोला फेक की प्रभारी भी हैं उनके द्वारा एक एफआईआर लालबाग थाने में कराई गई है,पूरे डेटा की और उनकी टेक्निकल टीम भी आई हुई है की जांच की जा रही है उसके आगे फिर कार्रवाई की जाएगी, एफआईआर जो की गई है वह अज्ञात आरोपी के खिलाफ की गई है उसका कारण इसमें कुछ-कुछ लोग हमें दिखे हैं। ऑपरेटर का पता लगा है। इस पूरे मामले में जांच कर नामजद कार्रवाई की जाएगी और पूरे चैन समझने के लिए अभी अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है जांच जारी है।

## परिसीमन के बाद बदली परिस्थितियां, आज होगा नगरीय निकाय के वार्डों का आरक्षण

0 आरक्षण की कार्रवाई जिला पंचायत सभाकक्ष में

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के वार्डों का गुरुवार को आरक्षण होगा। जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आरक्षण की कार्रवाई शुरू होगी। इस वर्ष निगम के वार्डों का परिसीमन होने की वजह से आरक्षण में भी बदलाव देखने को मिलेगा। विशेषज्ञों की मानें, तो आरक्षण में शासन द्वारा दी गई छूट का फायदा ओबीसी वर्ग को अधिक होने की संभावना है। इससे इस चुनाव में ओबीसी की सीटें भी 17 के आसपास हो सकती हैं। वहीं, अनारक्षित सीटों की संख्या में कमी देखी जा सकती है।

महापौर के आरक्षण में सामान्य की भी रहेगी पर्ची

अब महापौर की उम्मीदवारी को लेकर भी नेताओं ने खींचतान शुरू हो गई है। इस बार महापौर पद का आरक्षण भी लॉटरी सिस्टम से तय होगा। इसमें सामान्य की पर्ची भी रहेगी। दरअसल, वार्डों का परिसीमन नए सिरे से हुआ है। परिसीमन नहीं होता, तो लॉटरी से सामान्य की पर्ची हटा दी जाती। इस बार फिर आरक्षण की लाटरी में सामान्य की पर्ची रहेगी।

नगर निगम में 2019 के परिसीमन के बाद 2024 में फिर से परिसीमन कराया गया है, जिसके चलते कई वार्डों की सूरत बदल गई है। वहीं, जनसंख्या भी इधर से उधर हुई है। इसके चलते वार्डों का भी फिर से आरक्षण किया जा रहा है। इस बार एससी, एसटी और सामान्य के साथ ही 33 प्रतिशत वार्डों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के वार्डों के आरक्षण 19 दिसम्बर 2024 को जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में किया जाएगा। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 19 दिसम्बर 2024 को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में की जाएगी। इसी तरह नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर 2024 को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। नगर पंचायत डोंगरगांव के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर 2024 को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में, नगर पंचायत छुरिया के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष तथा नगर पंचायत लाल बहादुरनगर के वार्डों का आरक्षण दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा। जिले के नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लाल बहादुर नगर के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं के लिए आरक्षित करने की कार्रवाई लॉट डालकर की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के व्यक्ति आरक्षण की कार्रवाई के दौरान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

## एबीआईएस पहल ने बदली दस हजार से अधिक जिंदगियाँ

**नोनी जोहर कार्यक्रम में मनाई गई प्रथम वर्षगांठ**



राजनांदगांव (दावा)। एबीस पहल की पहली वर्षगांठ रायपुर के सयाजी होटल में आयोजित नोनी जोहर कार्यक्रम के तीसरे संस्करण में मनाया गयाए जिसमें प्रदेश भर से सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में एबिस पहल की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन अभिनेत्री अरुणिता झा द्वारा किया गया। एबीआईएस पहल पांच मुख्य क्षेत्रों की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, और पर्यावरण संरक्षण में कार्य करते हुए दस हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित कर रहा है। कार्यक्रम में एबिस की ई.एस.जी प्रमुख डॉ. पौलोमी बनर्जी ने पहल की सफलता में सहयोगात्मक प्रयासों की भूमिका के बारे मे बताया। इसके अलावा इस कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक स्वयंसेवकों सहित यूनिसेफ प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, ई.एस.जी शिवेन्द्र कुमार दुबे, मैनेजर सीएसआर महिमा सोनी, ईएसजी मैनेजर अब्राहम डेनियल, मैनेजर ईएसजी और फील्ड को ऑर्डिनेटर भूमिका साहू के योगदान को भी सराहा गयाए जिन्होंने इस पहल के प्रभाव और पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कांग्रेस में जाएगी जोगी की पार्टी, भेजा आवेदन

**लिखा- हमें कांग्रेस में होना है शामिल**



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सियासी गलियारे में मंगलवार को एक बडी हलचल देखने को मिली। जहां जोगी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने जोगी कांग्रेस को कांग्रेस में विलय करने का अनुरोध किया है। पिछले विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब था और उन्हें कोई भी सीट नहीं मिली थी।

### आला कमान लेगा इस विषय पर निर्णय

इस मामले को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, मेरे सोचने का सवाल नहीं है। मैं पार्टी का अध्यक्ष हूं और अध्यक्ष होने के नाते जो मेरी जवाबदारी है जो कमेटी तय करेगी, जो मेरे लोग तय करेंगे, जो एआईसीसी तय करेगी मैं उस फैंसले के साथ हूं। बहुत सी पार्टियों के लोग भी आ रहे हैं। उनके आवेदनों पर चर्चा की जाएगी। इस मसले को लेकर राज्य के प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में कमेटी बनी है। यह कमेटी इस महीने के अंत में बैठक करेगी। यह कमेटी चर्चा करेगी कि किस पर क्यों अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई थी? उनका क्या दोष था? क्या गलतियां थीं? इस तरह के लोगों को पार्टी में वापस लें कि नहीं। इस चर्चा के बाद सभी पर फैसला लिया जाएगा।

### अमित और रेणु जोगी ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से की थी मुलाकात

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव से पहले अमित और रेणु जोगी ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान कांग्रेस वापसी की भी चर्चा हुई थी। जेसीसीजे ने दक्षिण उपचुनाव में कांग्रेस को निशर्त समर्थन देने का ऐलान किया था। हालांकि इस समर्थन का कोई फायदा कांग्रेस को नहीं मिला।

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पर्वेक्षकों की नियुक्ति - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय में आगामी चुनाव में संगठन को गति देने एवं कांग्रेस पार्टी के निर्देश में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी में पर्वेक्षकों को नियुक्त किया गया।

श्री साहू ने बताया कि नगर पालिक निगम डोंगरगढ़ में पर्वेक्षक श्रीकिशन खंडेलवाल, ब्लाक अध्यक्ष विजय राज सिंह, नगर पंचायत छुरिया में पर्वेक्षक विरेन्द्र कुमार बोरकर, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, राजकुमार सिन्हा (कार्य. अध्यक्ष), नगर पंचायत लालबहादुर नगर में पर्वेक्षक अंजुम अलवी, ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, नगर पंचायत डोंगरगाँव में पर्वेक्षक विवेक वासनिक, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन दास साहू, नगर पंचायत घुमका में पर्वेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख, रतन यादव, शेखर वर्मा (कार्य. अध्यक्ष) आदि को नियुक्त किया गया है।

**प्लॉट बेचना है**
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
– : संपर्क :–
62641–56342

## गुटखा खाकर पढ़ाते हैं गुरुजी :शिकायत जांच के बाद भी कार्यवाही शून्य

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक डोंगरगांव में शिक्षा विभाग की निष्क्रियता के नित नये कारनामे सामने आ रहे हैं, जहाँ पांच वर्षों से कोकपुर के बाद आरी सरकारी स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक पर कार्यवाही करने के लिए जिला शिक्षाधिकारी को सामने आना पड़ा और औचक निरीक्षण पश्चात उक्त शिक्षक को निलंबित किया गया है, वहीं अब एक मामला और सामने आया है, जिसमें ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजाभांठा पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक की शिकायत की हुई, जांच के डेढ़ माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है, यह ब्लॉक में पदस्थ अधिकारियों की निष्क्रियता को दर्शाती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच के पश्चात इस शिक्षक की कई खामियाँ पकड़ में आयी जिसकी पुष्टि जांच अधिकारियों ने ग्रामीणों और बच्चों से पूछकर कर ली और जांच रिपोर्ट तक प्रस्तुत कर दिया गया किन्तु यहाँ वर्षो से जमे ब्लॉक शिक्षाधिकारी व्दारा अब तक इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों और सरपंच द्वारा बीईओ डोंगरगांव को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बीजाभांठा के माध्यम से यहाँ पदस्थ सुदामालाल साहू के विरूद्ध 23 अक्टूबर को शिकायत पत्र दिया गया था, जिसमें श्री साहू द्वारा बच्चों को अध्यापन कार्य के समय मुंह में गुटखा पाऊच का सेवन करना बताया गया। साथ ही इसके पूर्व इसी शिक्षक व्दारा शाला परिसर के अंदर स्थित संकुल भवन के समीप शराब सेवन करने की बात भी सामने आयी थी, जिसके लिए जांच करने की मांग की गई थी, इस शिकायत पश्चात बकायदा उपस्थित ग्रामीणों और शाला स्टॉफ के समक्ष 8 नवम्बर को अधिकारियों की टीम ने जांच भी किया था, जिसमें दो एबीईओ जयंत साहू एवं क्षितिज सोरी एवं प्राचार्य कमरिया सुरगी हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हुए थे और बीजाभांठा प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव ने भी सभी बच्चों से चर्चा कर इन बातों की सच्चाई जानी थी जिसके पश्चात संपूर्ण जांच रिपोर्ट बीईओ आर.एल. पात्रे को सौंप दिया गया था किन्तु आज पर्यन्त इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं किया जाना अनेक सवालों को जन्म देता है। इतने गंभीर विषय की शिकायत और फिर जांच फिर कोई कार्यवाही नहीं किया जाने से संबंधित ग्रामीणों में आक्रोश है।

**बीईओ डोंगरगांव की कार्यप्रणाली पर लगातार उठ रहे हैं सवाल**

ग्राम में शिक्षक का अपना सम्मान होता है और ग्रामीण बच्चे स्कूल के शिक्षक को अपना आदर्श मानते हुए शिक्षा ग्रहण करते हैं, वहीं शिक्षकों को भी बच्चों के प्रति अपनी छवि सुधार कर रखने की जिम्मेदारी होती है। शिक्षक द्वारा स्कूल परिसर तथा कक्षा में बच्चों के सामने नशा पान करने से गलत प्रभाव जाता है और सबसे गंभीर विषय यह है कि शिकायत व जांच पूर्ण होने के बावजूद कोई कार्यवाही किया जाना है। ऐसे में उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लेकर शीघ्र अतिशीघ्र इस विषय में गंभीरता से कार्यवाही किया जाना चाहिए अन्यथा गंभीर विषयों में शिकायतें आनी बंद हो जायेगी और अधिकारियों द्वारा जांच जैसे विषय भी ग्रामीणों को ढकोसले ही लगेंगे।

## जयस्तंभ चौक में मनाया गया विजय दिवस



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के विजय दिवस की याद में जयस्तंभ चौक राजनांदगांव में विजय दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई एवं कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में खूबचंद पारख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार झा, 1971 भारत-पाक युद्ध में शामिल सेना के जवान सर्वश्री गुरमित सिंह भाटिया, बसंत राउटे, गुमान सिंह, उमेश कुमार, पीयूष कुमार, संतोष कुमार, अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, बीएल सिन्हा, उमा सिंह गणपत, ईश्वरलाल, संजय कुमार, जनक लाल सहित अन्य सैनिक व बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com